डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

पाक्षिक समाचार पत्रिका, भोपाल • पंजी.क्र. 6.2022 • वर्ष-19 • अंक-20 • मूल्य ₹ 20.00

भारत की स्टार्टअप क्रांति आजादी के अमृत काल की महत्वपूर्ण पहचान बनेगी - प्रधानमंत्री

अर्थव्यवस्था के लिये नई बैकबोन बन रहे हैं स्टार्टअप – मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश ने नई स्टार्टअप नीति बनाने एवं उपयुक्त स्टार्टअप ईको सिस्टम तैयार करने में सराहनीय कार्य किया है। इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार तथा जनता बधाई के पात्र हैं। इंदौर की धरती पर युवा स्टार्टअप क्रांति ला रहे हैं, जो सबके लिये प्रेरणा है। देश में प्रो-एक्टिव स्टार्टअप नीति एवं पर्याप्त स्टार्टअप नेतृत्व है। पूरी दुनिया में भारत के स्टार्टअप ईको सिस्टम की प्रशंसा हो रही है। भारत में स्टार्टअप सामान्य भारतीय युवा के सपनों को पूरा करने के सशक्त माध्यम बन रहे हैं। वर्ष 2014 में भारत में केवल 300 से 400 स्टार्टअप थे, वहीं अब उनकी संख्या 70 हजार तक पहुंच गई है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की नई स्टार्टअप नीति एवं मध्यप्रदेश स्टार्टअप पोर्टल को नई दिल्ली से वर्चुअली लॉन्च करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश की नई स्टार्टअप नीति और मध्यप्रदेश स्टार्टअप पोर्टल का वर्चुअली शुभारंभ करते हुये।

खेलकूद के कार्य से जुड़े आठ सौ स्टार्टअप

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में खेल संस्कृति विकसित हो रही है। भारत में 800 से अधिक स्टार्टअप खेलकूद के कार्य से जुड़े हैं। स्मार्ट फोन डाटा के उपयोग में भारत दुनिया में नंबर वन है, वहीं इंटरनेट के इस्तेमाल एवं ग्लोबल रिटेल व्यापार में नंबर दो है। भारत में ईज ऑफ लिविंग एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी दशक में भारत की ग्रोथ एवं सक्सेस स्टोरी उल्लेखनीय होगी।

शहरों को बनायेंगे स्टार्टअप हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इंदौर और भोपाल के साथ ही अन्य शहरों को भी स्टार्टअप हब बनाया जायेगा। सिर्फ आईटी क्षेत्र ही नहीं, जैविक और प्राकृतिक खेती, जिसमें मध्यप्रदेश 17.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादन कर अन्य राज्यों से आगे है, स्टार्टअप के लिये अनुकूल है। इसके अलावा कृषि विविधीकरण, एक जिला-एक उत्पाद, एनीमेशन, फार्मा सेक्टर, लॉजिस्टिक क्षेत्र सहित कई क्षेत्र हैं, जिनमें कार्य की संभावनाएं उपलब्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के छोटे-छोटे शहरों में स्टार्टअप प्रारंभ हो रहे हैं। भारत के 650 से ज्यादा जिलों में 50 हजार से अधिक स्टार्टअप उद्योगों से जुड़े हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि हमारे अनेक स्टार्टअप 8-10 दिन में ही यूनिकार्न बन जाते हैं। एक नये स्टार्टअप को 7 करोड़ रुपये की पूंजी तक पहुंचना बड़ी उपलब्धि है।

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे स्टार्टअप की सफलता का कारण देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण, शासकीय प्रक्रियाओं का सरलीकरण एवं लोगों के माइंडसेट में परिवर्तन कर नये ईको सिस्टम का निर्माण करना है। स्टार्टअप के लिये हैकाथोन मजबूत बुनियाद बना है। हमारे विद्यालय स्टार्टअप की नर्सरी के रूप में काम कर रहे हैं। यहां अटल टिंकरिंग लैब बनाये गये हैं। देश में 700 से अधिक इन्क्यूबेशन सेन्टर्स बनाये गये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिये सरकार टैक्स में छूट एवं अन्य इनसेंटिव दे रही है। साथ ही सरकार खरीददार भी बन रही है। जैम पोर्टल, जिस पर 13 हजार से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर हैं, के माध्यम से गत दिनों साढ़े 6 हजार करोड़ से अधिक का व्यापार किया गया।

पचास हजार किराना दुकानों को डिजिटली जोड़ा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ स्टार्टअप युवाओं के वर्चुअल संवाद में 'शॉप किराना' स्टार्टअप इंदौर के तनु तेजस सारस्वत ने बताया कि उन्होंने 50 हजार किराना दुकानों को डिजिटली जोड़ा है तथा वे अब 40 प्रतिशत सामान डिजिटली क्रय करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे स्ट्रीट वेण्डर्स को भी डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने का प्रयास करें, जिससे उन्हें व्यापार में अधिक लाभ हो।

हैण्डीक्राफ्ट एवं हैण्डलूम का स्टार्टअप

श्री मोदी को डिजाइन्स प्रायवेट लिमिटेड स्टार्टअप की सुश्री उमंग श्रीधर ने बताया कि वे हैण्डीक्राफ्ट और हैण्डलूम का स्टार्टअप चलाती हैं। उनके साथ एक हजार कारीगर कार्य करते हैं एवं देश के 5 राज्यों की 1500 महिलाएं 13 क्लस्टर में जुड़ी हैं। उन्होंने कताई-बुनाई के क्षेत्र में नवाचार किये हैं, जिससे महिलाओं की आमदनी में 300 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। वे उन्हें कारीगर से उद्यमी बनाने के साथ ही डिजिटल ट्रेनिंग के तरीके भी बता रही हैं। उनका बनाया कपड़ा 5 देशों में विकता है। उनका उद्देश्य है कि पूरी दुनिया खादी पहने।

नौजवान स्टार्टअप के लिये नई उड़ान भरने को है तैयार – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्टार्टअप अर्थव्यवस्था के लिये नई बैकबोन की तरह सामने आये हैं। विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार, व्यवसाय की संभावनाओं को युवाओं ने साकार करने के लिये अनेक स्टार्टअप चुने हैं। प्रदेश की स्टार्टअप नीति में ऐसे कार्य क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें व्यवसाय की व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं। इस नाते मध्यप्रदेश की स्टार्टअप नीति एक सुविचारित नीति है।

स्टाम्प शुल्क में भी देंगे रियायत

श्री चौहान ने कहा कि नीति में स्टाम्प शुल्क में रियायत का निर्णय भी लिया जा रहा है। युवाओं से प्राप्त अन्य सुझावों पर भी अमल किया जायेगा। इनमें इनोवेशन लैब और वर्ल्ड स्टार्टअप समिट के सुझाव शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 7, 8 जनवरी, 2023 को इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ग्रोथ रेट में निरंतर वृद्धि हो रही है। स्थिर सरकार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2025 तक भारत की इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर प्रयासरत हैं।

खास खबर

नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम और पंचायतों के मतपत्र से होंगे

भोपाल, नगरीय निकायों के चुनाव में ईवीएम और त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव में मतपत्र और मतपेटियों का उपयोग किया जाएगा। पंचायतों का चुनाव भी ईवीएम से करवाने पर 3 माह से अधिक समय लगेगा, क्योंकि ईवीएम की संख्या सीमित है। इसलिए मतपेटियों के माध्यम से पंचायतों का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह बात कलेक्टर्स के साथ निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि नगरीय निकायों के चुनाव 2 चरण में और पंचायतों के चुनाव 3 चरण में करवाये जायेंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम

मध्यप्रदेश में जनजातीय वर्ग के विकास का चल रहा है अभियान

भोपाल, जनजातीय युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोज़गार उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाएगा। एक तरफ जहां जनजातीय वर्ग के युवाओं को रोज़गार चाहिए, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी दक्षता वाले इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, मेसन, वाहन मैकेनिक आदि की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से जनजातीय युवाओं के लिए संसदीय संकुल परियोजना में ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम सार्थक सिद्ध होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये कहीं। मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और उड़ीसा के जिले प्रथम चरण में प्रायोगिक परियोजना के लिए चुने गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मैन ऑफ आयडियाज़ हैं। उनके दृष्टिकोण और सबका साथ-सबका विकास की नीति के अनुरूप समाज के सबसे पिछड़े वर्गों को बराबरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदलने का अभियान संचालित किया जा रहा है। पेसा एक्ट लागू करने, वन ग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, जनजातीय वर्ग के बच्चों को अध्ययन की सुविधाएं देने और ग्रामीण इंजीनियर तैयार करने की योजना में उन्हें महत्व देने के कदम उठाए गए हैं। ग्रामों में कार्य के लिए लाखों लोगों की जरूरत है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री श्री वीएल संतोष ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, तभी वे पलायन से बचेंगे। शिक्षकों, चिकित्सकों और अन्य पदों पर कार्य कर रहे लोग जनजातीय क्षेत्रों में कार्य की मनःस्थिति बनाने लगे हैं। यह जनजातीय वर्ग के हित में भी है। जनजातीय युवाओं से काफी आशाएं हैं। तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर वे रोज़गार का सशक्त माध्यम चुनें, जो जनजातीय समाज की बेहतरी के लिए आवश्यक है।

अध्यक्ष राष्ट्रीय जनजातीय मोर्चा श्री समीर उरांव ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करने और रोज़गार दिलवाने की यह महत्वपूर्ण योजना है। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में क्लस्टर निर्माण कर कुछ ग्राम के समूह अथवा संकुल बनाकर कोर कमेटी के माध्यम से टीम तैयार की गई है।

जबलपुर में दो जून को होगा प्रदेशव्यापी रोज़गार दिवस का आयोजन - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रोज़गार दिवस की तैयारी की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने और गरीब कल्याण के लिए 2 जून को जबलपुर में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम होंगे। रोज़गार दिवस पर प्रदेश के लगभग दो लाख युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने का लक्ष्य है। साथ ही गरीब कल्याण के लिए संबल 2.0 योजना और इसके पोर्टल का शुभारंभ भी होगा। राज्यसभा सांसद श्री जे.पी. नड्डा की गरिमामय उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में रोज़गार दिवस, मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना और निर्माण श्रमिकों को अनुग्रह सहायता वितरण के लिए होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव श्रम श्री सचिन सिन्हा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करना और युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सभी बैंक लक्ष्य तय कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार, स्व-रोज़गार और जनकल्याण के लिए जारी प्रयासों और नवाचारों को अन्य राज्यों से भी साझा किया जाए। श्री चौहान ने कहा कि संबल 2.0 योजना और पोर्टल के शुभारंभ में विद्यार्थियों और युवाओं को भी जोड़ा जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

7 मई

सेना को जल्द मिल सकती है आकाश प्राइम मिसाइल की दो रेजीमेंट

● भारतीय सेना को एक और अचूक हथियार मिलने जा रहा है। सेना ने स्वदेश निर्मित

आकाश प्राइम मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम की दो नई रेजीमेंट खरीदने का प्रस्ताव दिया है। यह मिसाइल सिस्टम अत्याधुनिक और नई तकनीकों से लैस है, जो दुश्मन देशों की तरफ से आने वाले लड़ाकू विमानों और ड्रोन को पलक झपकते मार गिरायेगा। डीआरडीओ ने कुछ दिन पहले ही आकाश प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। यह मिसाइल सिस्टम आकाश मिसाइल सिस्टम का उन्नत रूप है। मौजूदा आकाश मिसाइल सिस्टम की तुलना में आकाश प्राइम सिस्टम में सटीकता को उन्नत बनाने के लिये स्वदेश निर्मित रेडियो फ्रिक्वेंसी लगी है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों और ड्रोन को 25 से 35 किलोमीटर दूर से ही निशाना बना सकता है। इससे भारत का एयर डिफेंस काफी मजबूत हो जायेगा।

● संस्कृत विश्वविद्यालय भी अब ऐसे विषयों की शिक्षा देंगे जो रोज़गारपरक होने के साथ विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा कर सकें। इनमें बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे डिग्री कोर्स भी शामिल होंगे। संस्कृत को आम लोगों से जोड़ने सहित नई शिक्षा नीति के अनुरूप संस्कृत विश्वविद्यालय स्वयं को किस तरह तैयार करें, इसके लिये एक राष्ट्रीय परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के तहत देश के विश्वविद्यालय बहुविषयक केन्द्र के रूप में परिवर्तित होंगे।

8 मई

अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों में किया इजाफा

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई के बीच अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों में इजाफा किया है। अमेरिका के अलावा जी-7 देशों और यूरोपीय संघ ने भी प्रतिबंधों में वृद्धि की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलिदीमीर जेलेंस्की को मित्र देशों की तरफ से सहयोग का आश्वासन देते हुये कहा कि अमेरिका ने अब तक 2000 से ज्यादा रूसी नागरिकों को वीजा देने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि रूस पर लगे प्रतिबंध सख्त किये गये हैं। अब कोई भी अमेरिकी नागरिक रूसी कंपनियों को किसी भी प्रकार की सेवायें नहीं दे सकेगा। रूस के प्रमुख बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ किसी भी प्रकार के लेन-देन पर रोक रहेगी। बाइडेन ने कहा कि रूस से आयातित लकड़ी के सामान, पंखे और कई इलेक्ट्रिक वस्तुओं को प्रतिबंधित सूची में डाला गया है।

● चीन समर्थित जॉन ली हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी चुने गये हैं। जॉन ली को चीन के वफादारों में से एक माना जाता है। जॉन ली लोकतंत्र समर्थक आंदोलन पर होने वाली कार्रवाई पर नजर रखने के लिये सुरक्षा प्रमुख भी थे। हांगकांग की चुनाव समिति ने जॉन ली को निर्वाचित घोषित किया। चुनाव समिति में लगभग 1500 सदस्य शामिल हैं, जिसमें से 1416 सदस्यों ने जॉन ली को वोट दिया। जॉन ली एक जुलाई को कैरी लैम की जगह लेंगे। जॉन ली की जीत से माना जा रहा है कि ये हांगकांग पर अपनी पकड़ कायम रखने का चीन का तरीका है।

9 मई

केन्द्र सरकार ने गठित किया नया जेईई एपेक्स बोर्ड

● केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी सहित इंजीनियरिंग के स्नातक कोर्सों में दाखिल के लिये आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन और जेईई एडवांस को पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिये नया जेईई एपेक्स बोर्ड गठित किया है। इस बोर्ड में 19 सदस्य होंगे। इस बोर्ड के चेयरमैन आईआईटी मद्रास के पूर्व निदेशक प्रोफेसर भास्कर राममूर्ति होंगे। यह बोर्ड वर्ष 2022 और 2023 में जेईई मेन और एडवांस परीक्षा के आयोजन की देख-रेख करेगा। हालांकि इन दोनों परीक्षाओं को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ही आयोजित करेगी। जेईई एपेक्स बोर्ड के पास इन परीक्षाओं से जुड़ी नीति, नियम और व्यवस्था बनाने का अधिकार होगा, साथ ही यह परीक्षा से जुड़े प्रशासनिक निर्णय लेने सहित वित्तीय और न्यायालय से जुड़े मामलों को भी देखेगा। एनटीए के डायरेक्टर जनरल (डीजी) इस बोर्ड के सदस्य सचिव बनाये गये हैं।

● केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन विश्व में सबसे कम है, इसलिये पश्चिमी देशों को पर्यावरण परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने के लिये आर्थिक बोझ साझा करना चाहिये। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय को यह समझना होगा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत ने एक मजबूत पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्रक्रिया तैयार की है। हम कन्वेंशन ऑन बायोजिक डायवर्सिटी को पूर्ण रूप से लागू करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हैं।

10 मई

भारत में होगी ई-जनगणना – गृह मंत्री

● केन्द्र सरकार ने जनगणना को अधिक साइंटिफिक बनाने के लिये आधुनिक तकनीकों को जोड़ने का फैसला किया है। देश में अगली बार ई-जनगणना होगी। इससे कोई भी नागरिक गिनती से नहीं छूटेगा। यह जानकारी केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने गुवाहाटी में जनगणना भवन का उद्घाटन करते हुये कही। श्री शाह ने कहा कि अगली जनगणना ई-जनगणना होगी, जिसके तहत पूर्ण जनगणना की जा सकेगी, जो कि शत-प्रतिशत सही होगी। उन्होंने कहा कि ई-जनगणना के आधार पर अगले 25 वर्षों के लिये देश के विकास की योजना बनाई जायेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ई-जनगणना के तहत जन्म और मृत्यु रजिस्टर को जनगणना से जोड़ा जायेगा। जन्म के बाद व्यक्ति का विवरण जनगणना रजिस्टर में जोड़ा जायेगा और 18 वर्ष की उम्र के बाद नाम मतदाता सूची में शामिल किया जायेगा, इसके अलावा व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका नाम जनगणना रजिस्टर से हटा दिया जायेगा।

● ताइवान ने जीरो कोविड नीति को खत्म कर दिया है। ताइवान में कम लक्षण वाले रोगियों को अस्पतालों में भर्ती करने की अनिवार्यता खत्म हो गई है। ताइवान की सरकार ने नई कोविड नीति को न्यू ताइवान मॉडल नाम दिया है। ताइवान की सरकार ने विदेशी यात्रियों के ताइवान में आने पर कोरेंटाइन अवधि को 14 से घटाकर 7 दिन कर दिया है। ताइवान ने न्यू ताइवान मॉडल के बारे में बताया कि इस मॉडल के तहत कोरोना संक्रमित रोगी को गंभीरता के आधार पर ही अस्पताल में भर्ती कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विश्व में चीन और ताइवान ही ऐसे देश हैं, जिसने जीरो कोविड नीति अपनाई है।

11 मई

मार्कोस जूनियर बने फिलीपींस के नये राष्ट्रपति

● फिलीपींस के दिवंगत नेता फर्डिनैंड मार्कोस के बेटे फर्डिनैंड मार्कोस जूनियर फिलीपींस के नये राष्ट्रपति चुने गये हैं। मार्कोस जूनियर ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में मौजूदा उपराष्ट्रपति मारिया लियोनोर रोब्रेडो को हराया। मार्कोस जूनियर ने राष्ट्रपति चुनाव में 83.1 प्रतिशत मत हासिल किये। इनके अलावा निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की बेटी सारा दुतेर्ते उपराष्ट्रपति चुनी गई हैं। मार्कोस जूनियर के राष्ट्रपति चुने जाने को लेकर कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई है, हालांकि मार्कोस जूनियर की छवि अपने पिता की छवि से काफी अलग मानी जाती है। फर्डिनैंड मार्कोस फिलीपींस के 10वें राष्ट्रपति थे। उन्होंने वर्ष 1965 से लेकर 1986 तक फिलीपींस पर शासन किया था, जिनमें से वर्ष 1972 से 1981 तक देश में मार्शल लॉ लगा था।

● चीन ने ताइवान के समीप एक बार फिर सैन्य अभ्यास किया है। चीन के इस अभ्यास से चीन के साथ ताइवान की तनातनी और बढ़ गई है। चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बताया कि ताइवान के पास एक और दौर का संयुक्त अभ्यास किया गया है। वहीं ताइवान ने आरोप लगाया है कि चीन के लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसपैठ की है। इसके बाद सक्रिय हुई ताइवान की वायुसेना ने चीनी लड़ाकू विमानों को अपने क्षेत्र से दूर जाने की चेतावनी दी। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद ताइवान ने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ताइवान ने कहा कि उसे चीन से हमले का खतरा है।

12 मई

बीस लाख रुपये से अधिक के लेन-देन के लिये अनिवार्य होगा पैन-आधार

● केंद्र सरकार ने एक वित्तीय वर्ष में बैंक या पोस्ट ऑफिस में 20 लाख रुपये या

Central Board of Direct Taxes (CBDT)

इससे अधिक राशि नगद जमा करने या निकालने के लिये पैन या आधार नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार अगर कोई व्यक्ति चालू खाता या कैश क्रेडिट खाता खोलने के लिये आवेदन करने जा रहा है, तो भी उसे पैन या आधार की जरूरत होगी। यह नियम 26 मई से प्रभावी हो जायेगा। इसके अलावा सीबीडीटी ने आयकर नियम 2022 के तहत नये नियम जारी किये हैं। माना जा रहा है कि सरकार इस कदम के जरिये ज्यादा से ज्यादा लोगों को टैक्स के दायरे में लाना चाहती है। पैन और आधार नंबर अनिवार्य करने से 20 लाख से अधिक रुपये के नगद लेन-देन का आसानी से पता लग सकेगा।

● केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचे का विकास तेज करने के निर्देश दिये हैं। सरकार भूमि अधिग्रहण और अन्य वैधानिक मंजूरी के काम को तेजी से निपटाकर समयबद्ध तरीके से काम पूरा करना चाहती है। इसके लिये सभी संबद्ध एजेंसियों को समन्वय के साथ तेजी से बाधाओं को दूर करने को कहा गया है। सीमावर्ती इलाके में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण दो दर्जन से ज्यादा सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। यह सड़कें लगभग 683 किलोमीटर लंबी हैं। इसके अलावा सीमा पर विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर योजनाओं पर भी काम चल रहा है।

13 मई

नाटो में शामिल होगा फिनलैंड

● यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिनलैंड ने नॉर्थ एटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) में शामिल होने की घोषणा की है। फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन और राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो ने कहा कि फिनलैंड नाटो की सदस्यता के लिये जल्द ही आवेदन दाखिल करेगा। फिनलैंड की रूस के साथ लगभग 1340 किलोमीटर सीमा लगती है। फिनलैंड के इस फैसले पर रूस भड़क गया है। रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेंश्कोव ने कहा कि फिनलैंड यदि नाटो में शामिल होता है, तो उसे नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि फिनलैंड के इस कदम से यूरोप में स्थिरता और सुरक्षा में मदद नहीं मिलेगी, वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने पिनलैंड के नाटो में शामिल होने के कदम का समर्थन किया है। फिनलैंड के इस फैसले से रूस की चिंताएं बढ़ गई हैं, अब स्वीडन भी नाटो का सदस्य बनने पर फैसला ले सकता है।

● केंद्र सरकार ने विदेश यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिये कोरोनारोधी वैक्सीन की सतर्कता डोज को लेकर बड़ी राहत दी है। सरकार ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाने वाले नागरिक निर्धारित नौ महीने की प्रतिक्षा अवधि से पहले ही गतंव्य देश के दिशा-निर्देशों के अनुसार सतर्कता डोज लगवा सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह फैसला टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की सिफारिशों के आधार पर लिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Vishisht School of Management
(Recognized by Govt. of M.P. and Affiliated from Devi Ahilya University, Indore)
65/5 R.S.Shukla Marg, Near MPEB Office, Pologround, Indore
info@vsom.in, director.vsom@gmail.com

APPOINTMENT

Applications are invited for the following Faculty Positions for the Courses B.Com, BBA, BCA, BJMC, BA, M.Com & MSW

- Assistant Professor (Commerce, Management, Social Work, Computer Application)
- Assistant Professor for BJMC
- Assistant Professor for BA (Economics, Hindi, Sociology, History, Political Science, English)
- Librarian, Sport Officer, Admission Counselor

Qualification & Salary-As per UGC/AICTE Norms and Selection under Code-28 of DAVV, Indore. Send your CV along with recent Photo and covering letter at given Email Ids within 07 days.

-Managing Director/ Director

R-47049/2022

वर्ष 39, अंक 20 16.05.2022 से 22.05.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मंदसौर जिले में मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर जिले में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त अंशदान से 270 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक संसदीय क्षेत्र में 3 मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के लिये वरदान साबित होंगे। इन कॉलेजों में श्रेष्ठ डॉक्टरों की टीम द्वारा उपचार किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज को बनाने के लिये 3 अलग-अलग जगह पर 73 हजार वर्गमीटर से अधिक जमीन का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने के लिये मेडिकल कॉलेज मील का पत्थर साबित होंगे। आगामी 3 वर्ष में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जायेंगे। इसके बाद जिले के नागरिकों को इलाज के लिये उदयपुर, अहमदाबाद और इंदौर जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना होगा। जिले की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा सेंटर, न्यूरो एक्सपर्ट की व्यवस्था भी होगी। जिससे नागरिकों को कम से कम खर्च में बेहतर उपचार मिल सकेगा। साथ ही शहर में आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपतिनाथ की नगरी में शिवना नदी के शुद्धिकरण का अभियान चलाया जायेगा। इसके लिये कार्ययोजना बनाकर राशि भी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रदाय किये गये 50 ई-रिक्शा जरूरतमंद महिलाओं को प्रदान किये। साथ ही आरटीओ विभाग द्वारा तैयार किये गये लाइसेंस एवं बीमा संबंधित दस्तावेज महिलाओं को सौंपे। मुख्यमंत्री जनप्रतिनिधियों के साथ ई-रिक्शा की सवारी कर मंच तक पहुंचे। स्वरोज़गार के लिये महिलाओं को उपलब्ध कराये गये ऑटो ई-रिक्शा का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की। मदर्स-डे का उल्लेख करते हुये उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मां के चरणों में सब प्रणाम करें। मां से बड़ी कोई दौलत नहीं है। जब कोई वृद्धाश्रम खोलने की बात करता है तो मुझे बहुत तकलीफ होती है। यह पश्चिमी सभ्यता की देन है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कानून बना दिया गया है कि सक्षम होते हुये भी जो लोग माता-पिता की सेवा और देखभाल नहीं करते हैं, उन पर जुर्माने के साथ जेल भेजने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटा-बेटियों में कोई भेदभाव न करें, सबको आगे बढ़ने का समान अवसर दें। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। पोषण आहार बनाने का काम अब ठेकेदार नहीं करेंगे, उनके स्थान पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पोषण आहार निर्माण के लिये 8 फैक्ट्री खोली हैं। इनका संचालन भी महिला समूह कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये उन्हें राशन वितरण, फसल खरीदी के साथ स्कूलों के गणवेश तैयार करने का कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी तादाद में महिला समूहों द्वारा स्थानीय उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। उनके उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने का काम भी राज्य सरकार कर रही है।

लंबा जीना है, तो तेज चलें

यदि आप अपना जीवन लंबा चाहते हैं, तो आपको तेज चलना होगा। एक अध्ययन में यह बताया गया है कि धीमी गति से चलने वालों की तुलना में तेज चलने वालों का जीवन लंबा होता है। साफ शब्दों में कहें तो यह कि आप जितना तेज चलते हैं, आपके जीवन जीने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। ब्रिटेन की लीसेस्टर यूनिवर्सिटी के डायबिटीज रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने बताया कि इंसान के जीने और ज्यादा जीने के बारे में गूढ़ जानकारियां बहुत कम मिल पाई हैं। हालांकि उनकी टीम इस बात के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन कर रही है कि कौन ज्यादा जीता है। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कोई 105 साल तक स्वस्थ रहता है, जबकि किसी की मौत 65 साल में क्यों हो जाती है। लीसेस्टेटर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थॉमस येट्स का कहना है कि हमारे अध्ययन में पता चलता है कि रोजमर्रा के कामों के दौरान जो लोग तेज कदमों से चलते हैं, उनके लंबा जीने की संभावना अधिक होती है, फिर चाहे उनकी कुल शारीरिक गतिविधियां सामान्य ही क्यों न हों। प्रोफेसर थॉमस येट्स ने बताया कि अध्ययन में करीब 405000 लोगों को शामिल किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों से उनके चलने की आदतों के बारे में प्रश्न किये गये, इसके बाद पाया गया कि अध्ययन में शामिल आधे लोग ऐसे थे, जिनकी गति औसत थी। वहीं 40 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि वे तेज गति से चलते हैं, केवल 6 फीसदी लोगों ने ही धीमी गति से चलने की बात कही। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों ने तेज गति से चलने की बात कही थी, उनमें लंबी जीवन प्रत्याशा का संबंध पाया गया।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व दूरसंचार एवं सूचना दिवस 17 मई

सूचना क्रांति का हो वैश्विक हित में प्रयोग

आज के समय में यदि हम अपने जीवन से सूचना तकनीक को हटाकर देखें तो शायद हमारे लिए सब कुछ ठहर-सा जाएगा। दूर बैठे बच्चे को देखना हो या माता-पिता को दफ्तर में काम करते हुए दूसरे शहर से दवाइयां भेजनी हो या फिर किसी जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता हो तो कुछ ही पलों में उसे हासिल कर लेना और भी न जाने कितना कुछ है, जो सूरज उगने से लेकर शाम ढलने ही नहीं, बल्कि देर रात तक हमारे काम को आसान बनाता है, तो वह सब कुछ संचार की तकनीक पर ही निर्भर है। संचार के द्वारा ही सभी लोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। बिना संचार के इस संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। संचार के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र हर साल नई थीम के साथ वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन एण्ड इंफॉर्मेशन सोसाइटी डे या विश्व दूरसंचार एवं सूचना दिवस मनाता है।

दूरसंचार क्रांति का इतिहास

1844 में सैमुअल मॉर्स ने टेलीग्राफ यानी तार के जरिए वाशिंगटन और वाल्टिमोर के बीच न्यूज भेजने का प्रदर्शन करके दिखाया। इसके बाद संदेशों और सूचनाओं को विद्युत चुम्बकीय तरंगों के जरिए भेजने का प्रयास शुरू हुआ और 1864 में स्कॉटिश भौतिक विज्ञानी जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने अपने समीकरणों के इस्तेमाल से पहली बार माइक्रोवेव प्रतिलेख की खोज की। लेकिन इस क्षेत्र में सबसे क्रांतिकारी आविष्कार जर्मन भौतिकशास्त्री हेनरिक हर्ट्ज ने 1888 में किया। जब उन्होंने विद्युत चुम्बकीय तरंगों यानी इलेक्ट्रॉनिक्स वेव को उत्पन्न किया और उसे स्थांतरित करने में कामयाबी हासिल की। बाद में इसी इलेक्ट्रॉनिक्स वेव्स पर रेडियो, टीवी और मोबाइल का आविष्कार हुआ और देखते-देखते संचार के इन माध्यमों ने पूरी दुनिया को बदल डाला। मैक्सवेल के सिद्धांत पर ही 1893 में गुग्लियो मार्कोनी ने पहली बार विद्युत चुम्बकीय तरंगों को तीन किलोमीटर भेजकर दूरसंचार के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत की। यह एक ऐसा प्रयोग था, जिसने साबित कर दिया कि दुनिया में कहीं भी लंबी दूरी तक बिना तार के संदश भेजे जा सकते हैं। यानी मार्कोनी का वह आविष्कार हमारी आज भी ताकत बना हुआ है।

1969 में मनाया गया पहली बार अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार दिवस

1865 में अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन अस्तित्व में आया था। उसकी याद में पहली बार 17 मई, 1969 को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। 2005 में आयोजित वर्ल्ड समिट में संयुक्त राष्ट्र ने 17 मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाने की बात कही। मार्च 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प लिया कि विश्व सूचना सोसाइटी दिवस 17 मई को मनाया जाएगा, उसी वर्ष के अंत में आईटीयू प्लेनिपोटेंशियरी सम्मेलन में तुर्की में, यह निर्धारित किया गया कि इस आयोजन को विश्व दूरसंचार और सूचना सोसाइटी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि प्रौद्योगिकियों के महत्व पर ध्यान दिया जाए, दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले हर व्यक्ति तक संचार, सूचना और शिक्षा की उपलब्धता हो। साथ ही विभिन्न आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को भी उठाया जाए जो शिखर सम्मेलन में उठाए गए थे।

बढ़ती उम्र और बुजुर्गों के जीवन में मददगार डिजिटल तकनीक

डिजिटल तकनीक का उपयोग सिर्फ युवाओं, बच्चों या कामकाजी लोगों के लिए नहीं है, बल्कि वे लोग जो अपने जीवन के

रिटायरमेंट के बाद के दौर में हैं, उन्हें भी इस तकनीक की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। यह उनके अकेलेपन के जीवन में आभासी दुनिया की मदद से चमक लेकर आ सकता है, बस इसके लिए जरूरी है तो उनके लिए इसका सही दिशा में प्रयोग करना। यही इस वर्ष विश्व सूचना एवं दूरसंचार दिवस की थीम Digital Technologies For Older Persons And Healthy Ageing है। दूरसंचार और सूचना संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) को वृद्धावस्था में लोगों को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका निभानी है, लेकिन लोगों को स्मार्ट शहर बनाने, कार्यस्थल पर उम्र के आधार पर भेदभाव का मुकाबला करने, वृद्ध व्यक्तियों के वित्तीय समावेश को सुनिश्चित करने और उनकी देखभाल करने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के बारे में भी सोचना है। बढ़ती उम्र के साथ भी शारीरिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से उन्हें मजबूत और स्वतंत्र बनाना है। स्वस्थ तरीके से यदि व्यक्ति की उम्र बढ़े तो वह इकोनॉमिक और हेल्थ सिस्टम को भी मजबूत करती है।

बुजुर्गों की मदद के लिए आधुनिक साधन है दूरसंचार

आज के आधुनिक दौर में व्यक्ति के पास किसी चीज का सबसे ज्यादा अभाव है तो वह है समय का। ऐसे में बुजुर्गों को बच्चे फोन तो खरीदकर ला देते हैं, लेकिन उसका उपयोग करना सिखाने के लिए उनके पास समय का अभाव होता है। जबकि सोचा जाए कि अगर उन्हें टेक्नोलॉजी का अच्छा ज्ञान होगा, तो यह उनका जीवन थोड़ा आसान बना सकता है। अक्सर हम उन्हें नेट बैंकिंग और यूपीआई, सोशल मीडिया अकाउंट खोलने और स्पैम से निपटने की पेचीदगियों से जूझने के लिए छोड़ देते हैं। हर दिन हम सुनते हैं कि सीनियर सिटीजन्स को सिर्फ इसलिए ठग लिया जाता है, क्योंकि वह टेक्नोलॉजी के बारे में बहुत अधिक नहीं जानते थे। उन्हें नहीं पता होता है कि टेक्नोलॉजी कैसे काम करती है। ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें उन्होंने बिना किसी नतीजे की परवाह किए अपने ओटीपी और पासवर्ड स्कैमर को दे दिए। लेकिन अब सीनियर सिटीजन्स को आधुनिक जीवन के टेक्नोलॉजी पहलुओं के बारे में सीखने को मिल रहा है। आज मोबाइल और इंटरनेट पर कई ऐसे एप्लीकेशन एवं सरल वीडियोज मौजूद हैं, जो कि बुजुर्गों को आधुनिक साधनों का बेहतर ढंग से उपयोग करने में मदद करते हैं। न सिर्फ वीडियो, बल्कि ऐसे कई बेहद ही सरल एप भी बनाए जा चुके हैं, जो बुजुर्गों को मोबाइल आदि की संपूर्ण जानकारी बेहद ही सरल एवं रोचक अंदाज में मुहैया कराते हैं। आज ऐसे कई एप प्लेस्टोर एवं एप्पल स्टोर पर उपलब्ध हैं।

देश की पहली दूरसंचार सेवा

अपने से दूर बैठे व्यक्ति तक संवाद करने का तरीका ही दूरसंचार है। इससे पहले, दूरदराज के लोगों को संदेशों को संवाद करने के लिए चिट्ठी, ड्रम, सेमफोर, झंडे आदि का उपयोग किया जाता था। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ दूरसंचार के लिए टेलीफोन, रेडियो या कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग आम हो गया। भारत में संचार के रूप में टेलीफोन की शुरुआत 1880 में हुई जब दो टेलीफोन कंपनियों द ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड और एंग्लो इंडियन टेलीफोन कंपनी लिमिटेड ने भारत में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करने के लिए भारत सरकार से संपर्क किया। इस अनुमति को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया कि टेलीफोन की स्थापना करना सरकार का एकाधिकार था और सरकार खुद यह काम शुरू करेगी। 1881 में सरकार ने अपने पहले के फैसले को बदलकर इंग्लैंड की ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड को कोलकाता, मुंबई, मद्रास (चेन्नई) और अहमदाबाद में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिए लाइसेंस दिया। इससे 1881 में देश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना हुई। विश्व दूरसंचार दिवस राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंतःक्रियाशीलता को बढ़ावा देने और इंटरनेट, टेलीविजन, फोन इत्यादि के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भौतिक दूरी पर नियंत्रण करने के लिए केंद्रित है।

शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल

सूचना तकनीक का इस्तेमाल शिक्षा के क्षेत्र में भी अब व्यापक स्तर पर होने लगा है। इसका फायदा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को भी होता है। इसी दिशा में भारत सरकार सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन National Mission on Education through Information and Communication Technology-NMEICT कार्यक्रम का संचालन कर रही है। इसके तहत स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM) एक एकीकृत मंच है जो स्कूल (9वीं-12वीं) से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का उपयोग न केवल छात्रों द्वारा, बल्कि शिक्षकों और गैर-छात्र शिक्षार्थियों द्वारा भी जीवन में कभी भी सीखने के रूप में किया जा रहा है। इसे swayam.gov.in पर देखा जा सकता है। NCERT कक्षा IX-XII तक के लिए 12 विषयों में स्कूल शिक्षा प्रणाली हेतु बड़े पैमाने पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों (Massive Open Online Courses- MOOCs) का मॉड्यूल विकसित कर रहा है। ये 12 विषय अकाउंटेंसी, व्यावसायिक अध्ययन, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, आर्थिकी, इतिहास, भूगोल, गणित, भौतिकी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र हैं। स्वयं प्रभाः SWAYAM Prabha देश में सभी जगह डायरेक्ट टू होम के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करने की एक पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य गुणवत्ता वाले शिक्षण संसाधनों को दूरदराज के ऐसे क्षेत्रों तक पहुंचाना है, जहां इंटरनेट की उपलब्धता अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। ऐसे क्षेत्रों के बच्चों के लिए यह एक बेहतर नवाचार है। इसी तरह भारत की राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (National Digital Library of India-NDL) एक एकल-खिड़की खोज सुविधा (Single-Window Search Facility) के तहत सीखने का एक प्रोजेक्ट है। इसके माध्यम से यहां 3 करोड़ से अधिक डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं। हर विषय और जीवन में काम आने वाली महत्वपूर्ण जानकारियां हैं। लगभग 20 लाख एक्टिव यूजर्स के साथ 50 लाख से अधिक छात्रों ने इसमें अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ईमेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680

क्र./जन.सं./का.यं./2022/225 दिनांक : 06/05/2022

// विज्ञप्ति //

निविदा सूचना क्रमांक/E.E./2022/Gwalior/160/25.04.2022 रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अन्तर्गत हाउस कीपिंग कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा **2022_RVSKV_201315_1** आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि **23.05.2022** तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

R-47048/2022

मान (मेयो) ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, एवं म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी **(एम.पी.टी.)** योग्यता बी.पी.टी.	2 वर्ष
3.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(एम.एम.एल.टी.)** योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
4.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)** 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
5.	बैचलर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(बी.एम.एल.टी.)**	3 वर्ष
6.	बी एस, सी इन एक्स–रे **(बी.एक्स.आर.टी)**	3 वर्ष
7.	बैचलर आफ नर्सिंग **(बी.एस.सी. नर्सिंग)**	4 वर्ष
8.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता **जी.एन.एम.**	2 वर्ष
9.	जी.एन.एम.	3 वर्ष
10.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन **(डी.एम.एल.टी.)**	2 वर्ष
11.	सर्टिफिकेट इन **एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन**	1 वर्ष
12.	ओ.टी. टेक्निशियन **(ऑपरेशन थ्रीएटर)**	1 वर्ष

क्रमांक 4 से लेकर क्रमांक 7 तक एवं 10 से लेकर क्रमांक 12 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्रमांक 9 के लिए 12वीं किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है। LAKECITY

R-47050/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 990 DEPOSIT WORK

No./6288/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 10.05.2022

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

● **Name of work : Deposit Work (DW)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Khandwa	2	110305000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website **from 11.05.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/104717/47037/2022

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02,
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)-02
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 09/2022-23 निर्माण कार्य 4एफ, 4जी, 4एच टाइप आवासगृह, जिला अस्पताल, उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_202899) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.05.2022 तक** खरीदकर सायं 17:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/104808/47058/2022 परियोजना यंत्री

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति खरगोन जिला-खरगोन (म.प्र.)

क्र./मंडी/नि./2022-23/180 खरगोन, दिनांक 04.05.2022

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2022_MPSAM_201107, क्रमांक 2022_MPSAM_201108, क्रमांक 2022_MPSAM_201110 एवं क्रमांक 2022_MPSAM_201111 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 31.05.2022 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी। **नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/104706/47035/2022 सचिव

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715 मोबा. : 9406808103

क्र. 506/पय/मप्रपुहाइडेकालि/22/उज्जैन दिनांक 10.05.2022

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 07/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 07/2022-23 दिनांक 10.05.2022 के अंतर्गत जिला बड़वानी, उज्जैन एवं देवास के विभिन्न थानों में बाउण्ड्रीवाल निर्माण/चेनलिंक फेंसिंग के कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_202255, 2022_MPPHC_202256, 2022_MPPHC_202257, 2022_MPPHC_202258 कुल 4 निविदा आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 10.05.2022 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं **दिनांक 24.05.2022 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/104718/47038/2022 परियोजना यंत्री

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103

क्र. 518/पयं/मप्रपुहाइडेकालि/22/उज्जैन दिनांक 12.5.2022

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 08/2022-23 दिनांक 12.05.2022 के अंतर्गत शासकीय एक्सीलेंस स्कूल आगर-मालवा में सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का निर्माण कार्य (टाप लेयर्स कार्य) की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_202827 आमंत्रित की गई है।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 12.05.2022 19.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 18.05.2022 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/104763/47043/2022 परियोजना यंत्री

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01 जबलपुर,
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
फोन : 0761-4927201
ई-मेल : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 अंतर्गत निर्माण कार्य क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (आर.एफ.एस.एल.) जबलपुर हेतु निविदा क्र. 04/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_202858) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.05.2022 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/104783/47045/2022 परियोजना यंत्री

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें युवा

नीमच, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने नीमच के नयागांव में नगर पंचायत के 9 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। श्री सखलेचा ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया और अधिकारियों को शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष में अब तक आयोजित हुए रोज़गार मेलों के माध्यम से 13.50 लाख लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

श्री सखलेचा ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में बताया कि 12वीं पास युवा 1 लाख से 50 लाख तक की राशि के ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये युवाओं को ऋण लेने के लिए किसी बैंक अथवा कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन ही ऋण स्वीकृति व वितरण हो सकेगा।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) - 462026
विज्ञापन क्रमांक:965/प्रशासन/नियुक्ति/2022 भोपाल, दि. : 05.05.22

शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु सूचना

3.	2022_PWDRB_201549	उपसंभाग क्र. 01 भिण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य :- 1. ग्राम हरवंश की खोड से रछेडी व्हाया काशीपुरा मार्ग लं. 5.00 कि.मी. 2. लहरौली से ढ़ोचरा मार्ग लं. 2.10 कि.मी.	461.71 (चार करोड़ इकसठ लाख इकहत्तर हजार)	461710/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	समस्त दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे।
4.	2022_PWDRB_201551	उपसंभाग क्र. 02 भिण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य :- 1. ढेलापुरा पहुंच मार्ग लं. 0.45 कि.मी. 2. अकोड़ा सेंवढा से साहडांडा मार्ग लं. 1.74 कि.मी. 3. भिण्ड इटावा मार्ग बरही टोल प्लाजा से रामगढ़ मार्ग लं. 1.22 कि.मी.	236.84 (दो करोड़ छत्तीस लाख चौरासी हजार)	236840/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	समस्त दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे।
5.	2022_PWDRB_201552	उपसंभाग क्र. 02 भिण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य :- 1. फूप प्रतापपुरा से तौर का पुरा मार्ग लं. 0.60 कि.मी. 2. निबुआ की चौकी से हमीरापुरा मार्ग लं. 2.40 कि.मी. 3. कल्याणपुरा से बोरेश्वर मंदिर मार्ग लं. 1.04 कि.मी.	241.58 (दो करोड़ इकतालीस लाख अट्ठावन हजार)	241580/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	समस्त दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे।
	योग :- 05 कार्य :-		**3107.10 (इकत्तीस करोड़ सात लाख दस हजार मात्र)**					

कार्यालय कलेक्टर
(जनजातीय कार्य विभाग) जिला उमरिया (म.प्र.)

दूरभाष : 07653-223124, E-mail : actw.umr@mp.gov.in

क्र./1523/ज.जा.का.वि./निर्माण/2022-23 उमरिया, दिनांक : 06.05.2022

ई-निविदा विज्ञप्ति

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 दिसम्बर 2020 से भवन एवं विद्युत कार्य हेतु प्रभावशील लोक निर्माण विभाग में प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

1. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : **18.05.2022**
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : **18.05.2022**
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : **19.05.2022**

क्र.	NIT No.	Online NIT No.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने अवधि	उचित पंजीयन की श्रेणी
1.	1472	2022_TAD_201573_1	**उमरिया जिले के विकासखण्ड करकेली** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य जिला कार्यालय/आवासीय भवनों तथा अनुसूचित जाति, जनजाति/छात्रावास/आश्रमों शालाओं में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य), विद्युत फिटिंग, पुताई, पेंटिंग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढ़ीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श, फर्श में कोटा स्टोन/टाइल्स निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु।	10000/-	70.00 लाख	70000/-	12 माह (3 माह प्रतिकार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित)	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2.	1472	2022_TAD_201583_1	**उमरिया जिले के विकासखण्ड मानपुर** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति/छात्रावास/आश्रमों शालाओं में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य), विद्युत फिटिंग, पुताई, पेंटिंग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढ़ीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श, फर्श में कोटा स्टोन/टाइल्स निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	10000/-	70.00 लाख	70000/-	12 माह (3 माह प्रतिकार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित)	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
3.	1472	2022_TAD_201580_1	**उमरिया जिले के विकासखण्ड पाली** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति/छात्रावास/आश्रमों एवं शालाओं उ.मा.वि./हाईस्कूल में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/ नलकूप खनन का कार्य), विद्युत फिटिंग, पुताई, पेंटिंग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढ़ीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श, फर्श में कोटा स्टोन/टाइल्स निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	10000/-	90.00 लाख	90000/-	12 माह (3 माह प्रतिकार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित)	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार

ऑनलाइन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ही दर्ज किये जायेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त

जी-12482/47015/2022 **जनजातीय कार्य विभाग, जिला उमरिया, म.प्र.**

1.	ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	07.05.2022 समय 17:30 बजे
2.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	07.05.2022 समय 17:30 बजे
3.	निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक	**23.05.2022 समय 17:30 बजे**
4.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	07.05.2022 समय 17:30 बजे
5.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक	23.05.2022 समय 17:30 बजे
6.	बिड ओपनिंग दिनांक	25.05.2022 समय 11:30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैद्यता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
f. उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-12515/47023/2022 **लो.नि.वि. संभाग भिण्ड**

सीएम राइज स्कूलों का स्तर निजी स्कूलों से हो बेहतर - मुख्यमंत्री

भोपाल, सीएम राइज स्कूलों में पढ़कर बच्चे मेरिट में आयें, इसके लिये कोई कमी न छोड़ी जाये। प्रदेश में बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूलों का स्तर निजी स्कूलों से बेहतर हो इसके सुनिश्चित प्रयास किए जाएं। योजना में ऐसे स्कूल बनें, जिससे आमजन अपने बच्चों को निजी स्कूलों के बजाए सीएम राइज स्कूल में भेजना पसंद करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में बन रहे सीएम राइज स्कूलों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों को शुरू करने की तैयारियां समय पर पूर्ण होना चाहिए। स्टाफ को अच्छे ढंग से प्रशिक्षित किया जाए। स्कूलों के भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

श्री चौहान ने कहा कि जिन स्कूलों का कार्य पूरा हो गया है, उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आगामी जून माह में शुरू किया जाए।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया कि प्रदेश में 13 जून से स्कूल शुरू हो जायेंगे। पूर्ण कर लिए गए 25 सीएम राइज स्कूलों को जून माह के अंत तक शुरू कर दिया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएंगी।

इस वर्ष के अंत तक तैयार होंगे पांच हजार वन समितियों के माइक्रो प्लान

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश के वनों के सुधार और प्रबंधन में वन समितियां विशेष भूमिका निभा रही हैं। इस वर्ष के अंत तक 5 हजार वन समितियों के माइक्रो प्लान तैयार कर लिये जायेंगे। वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 847 ग्राम समुदाय ऐसे हैं, जहां वनों में सुधार किया गया है। इसके अलावा 390 ग्रामों में 1.15 लाख हेक्टेयर बिगड़े वन क्षेत्र का पूर्ण रूप से सुधार किया जा चुका है। पिछले एक दशक में प्रदेश के 1152 ग्रामों में 4 लाख 31 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में सुधार किया गया।

बांस के मामले में प्रदेश समृद्ध हुआ है। यहाँ 18 हजार 394 वर्ग किलोमीटर में बांस उपलब्ध है, जो देश में सर्वाधिक है। इसमें हरे डंठल का बांस 3108 मिलियन और सूखे डंठल वाला बांस 1005 मिलियन है।

प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्रफल 3 लाख 8 हजार 292 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से ट्री कवर 8054 वर्ग किलोमीटर है, जो भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.61 फीसदी है। इस तरह ट्री कवर की दृष्टि से देश के प्रथम पांच राज्यों में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर काबिज है। भारतीय वन सर्वेक्षण-2021 की जारी रिपोर्ट के अनुसार वन क्षेत्र में प्रदेश अन्य राज्यों से आगे है। अति सघन वन क्षेत्र 6645 वर्ग किलोमीटर, मध्यम सघन वन 34 हजार 209 वर्ग किलोमीटर और खुला वन क्षेत्र 36 हजार 619 वर्ग किलोमीटर है।

बुरहानपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होंगे आठ नये विद्युत उप-केंद्र

भोपाल, पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने प्रभार जिले बुरहानपुर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिये ग्राम आसीर, सीवल, धामनगांव, सांईखेड़ा, मातापुर, चिंचाला मुक्तिधाम, मण्डी तुरकगुराड़ा में नये 33/11 किलोवॉट ग्रिड उप-केंद्र प्रस्तावित किये गये हैं।

श्री पटेल ने अधिकारियों को समय-सीमा में लक्ष्यापूर्ति करने के निर्देश दिये। उन्होंने भू-स्वामित्व, एक जिला-एक उत्पाद, कृषि, टीकाकरण, कोरोना सैम्पलिंग, संजीवनी क्लीनिक, वन विभाग के कार्य, निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी, बिजली की उपलब्धता, जलापूर्ति आदि की समीक्षा की।

लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0

कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को दिए जाएंगे 25 हजार रुपये - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के शुभारंभ अवसर पर बालिकाओं के साथ।

भोपाल, बेटियों के चेहरों पर मुस्कान आती है तो मेरी जिंदगी सफल हो जाती है। मेरी जिंदगी सफल हो गई और मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो गया। प्रदेश में अब 42 लाख 14 हजार लाड़ली लक्ष्मी बेटियां हो गई हैं। माता-पिता की हमेशा इज्जत और सम्मान करें। मां को कभी भूलना नहीं। मां से ही हमारा अस्तित्व है। यह लाड़ली लक्ष्मी योजना का चमत्कार है कि प्रदेश में बेटियों का लिंगानुपात बढ़कर 956 हो गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के लाल परेड मैदान पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का शुभारंभ किया।

श्री चौहान ने कहा कि डॉक्टर बनने में प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में 7-8 लाख रुपये फीस लगती है। मेडिकल, आईआईटी, आईआईएम या किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने पर लाड़ली लक्ष्मी की पूरी फीस राज्य सरकार भरेगी। कक्षा 12वीं पास कर कॉलेज में प्रवेश लेने वाली लाड़ली लक्ष्मियों को 25 हजार रुपये दो किश्तों में अलग से दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बच्चियों से फीस की चिंता न कर पढ़ाई की चिंता करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेरी लाड़लियों की आंखों में कभी आंसू न आएं यही मेरी कामना है। हर साल 2 मई से 12 मई तक लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि व्यक्ति जैसा सोचता है वैसा बन जाता है। बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर माता-पिता, देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लाड़ली ई-संवाद एप बनाया है, जिससे जरूरत पड़ने पर बेटियां मुझसे सीधे संवाद कर सकें। यह लाड़ली बेटियों की जिंदगी बदलने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस पंचायत में लाड़लियों का सम्मान होगा, जहां एक भी बाल विवाह नहीं होगा, शाला में लाड़लियों का शत-प्रतिशत प्रवेश होगा, कोई लाड़ली कुपोषित नहीं होगी और कोई भी बालिका अपराध घटित नहीं होगा, ऐसी ग्राम पंचायतों को लाड़ली लक्ष्मी पंचायत घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रदेश आगे बढ़े, मेरी लाड़लियां आगे बढ़ें। प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मियों से कहना चाहता हूं कि चिंता मत करना, मामा तुम्हारे साथ है।

श्री चौहान ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ में कन्याओं का पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में लगभग 7,500 लाड़ली लक्ष्मी बेटियां उपस्थित थीं। सभी जिले, विकासखंड, ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों से भी लाड़ली लक्ष्मियां और जन-प्रतिनिधि वर्चुअली जुड़े। श्री चौहान कार्यक्रम में मंच पर पहुंचने से पहले लाड़ली लक्ष्मियों से मिले और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली ई-संवाद एप का लोकार्पण भी किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित लाड़ली पुस्तिका एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के ब्रोशर का विमोचन किया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना पर केंद्रित लघु फिल्म की प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम लाड़ली लक्ष्मी बालिका ने स्वागत उद्बोधन दिया। अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास श्री अशोक कुमार शाह ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने तीन लाड़ली बालिकाओं को प्रतीकात्मक रूप से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किए।

अमृत सरोवरों को दर्शनीय स्थल के रूप में करें विकसित - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के हर जिले में बनाये जा रहे अमृत सरोवर की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में निर्मित कराए जा रहे अमृत सरोवरों को दर्शनीय स्थलों के रूप में विकसित किया जाए। अमृत सरोवर के आस-पास ऐसा वातावरण निर्मित किया जाए, जहां ग्रामीण घूमने जाएं और आनंद का अनुभव ले सकें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के हर जिले में बनाए जा रहे अमृत सरोवर की समीक्षा करते हुए कहीं। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलाभिषेक अभियान में वर्षा के जल को संरक्षित करना आवश्यक है, जिससे भविष्य के लिये अधिक से अधिक वर्षा जल संग्रहीत किया जा सके। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं, वह अच्छे बनें, उनमें किसी भी प्रकार की कमी न रहे, उनके आस-पास घाट निर्माण एवं वृक्षा-रोपण का कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा कि तालाबों की फोटो विभाग के पोर्टल पर भी अपलोड किए जाएं। तालाबों का उपयोग बेहतर ढंग से हो। उन्होंने कहा कि निर्मित सरोवरों के शुभारंभ की भी तैयारी की जाए।

प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में अमृत सरोवर निर्माण का कार्य तीव्र गति से और अच्छे ढंग से किया जा रहा है। प्रदेश में 15 जून के पहले लगभग 3 हजार तालाब पूर्ण कर लिए जाएंगे।

पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना के सात वर्ष पूर्ण

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना के 7 साल पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति को सुरक्षा देने के संकल्प की सिद्धि है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने 6 मई 2015 को अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को स्वीकृति दी थी।

अटल पेंशन योजना में अंशदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1000 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक प्रतिमाह पेंशन मिलती है, जो उनके अंशदान पर निर्भर करती है। यह अंशदान किसी व्यक्ति के योजना में शामिल होने के समय उसकी आयु के अनुसार निर्धारित किया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा पात्र अंशदाता के खाते में हर वर्ष कुल अंशदान का आधा हिस्सा अथवा 1000 रुपये, इनमें जो भी कम हो, जमा कराया जाता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अंशदाताओं को 330 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करने पर 2 लाख रुपये के जीवन बीमा का लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में दुर्घटना में मृत्यु और पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपये के बीमा लाभ का प्रावधान है।

मध्यप्रदेश में सिकल सेल एनीमिया प्रोजेक्ट कार्य में तेजी लायें - स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मंत्रालय में सिकल सेल एनीमिया प्रोजेक्ट के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा है कि सिकल सेल एनीमिया प्रोजेक्ट कार्य में तेजी लायें।

डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रोजेक्ट में अब तक एक लाख 93 हजार 547 की स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है, यह संतोषजनक नहीं है। स्क्रीनिंग कार्य में और तेजी लाने की जरूरत है। प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी एजेंसियों को इस संबंध में निर्देशित किया जाये। सिकल सेल एनीमिया प्रोजेक्ट अनुसूचित जनजाति बहुल अलीराजपुर और झाबुआ जिले में संचालित है। प्रोजेक्ट में समस्त गर्भवती महिलाओं और 6 माह से 18 वर्ष आयु के बच्चों की स्क्रीनिंग कर जांच की जाना है।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य आयुक्त-सह-सचिव डॉ. सुदाम खाड़े, एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, नोडल ऑफिसर डॉ. रूबी खान और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आईआईटी से कम नहीं है भोपाल स्थित ग्लोबल स्किल्स पार्क का सिटी कैंपस

भोपाल, मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित ग्लोबल स्किल्स पार्क देश का पहला अत्याधुनिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है। यहां की चार बड़ी-बड़ी वर्कशॉप्स में एडवांस सीएनसी (CNC) मशीनें स्थापित की गई हैं। इन मशीनों के अलावा सरकार ने ग्लोबल स्किल पार्क में वही मशीनें लगाई हैं, जो बड़े-बड़े उद्योगों में उपयोग होती हैं। इनमें सीएनसी टर्निंग, कोऑर्डिनेट मेजरिंग मशीन, सीएनसी लेथ, सीएनसी मिलिंग एवं CAM और 3डी CAD/CAM जैसी आधुनिक और एडवांस मशीनें हैं। इसके साथ 'डीएमजी मोरी फाइव एक्सिस' मशीन भी है, यह जर्मन मशीन लगभग 5 करोड़ रुपये की है, जो कि देश के ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में से सिर्फ भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क के कैंपस में प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध है। इस एडवांस मशीन की खासियत है कि इसका C एक्सिस 360 डिग्री पर एवं B एक्सिस 110 और -35 डिग्री पर रोटेट होकर काम करता है। इसकी स्पाइनल पावर 46 केवी की है, जो कि 15 हजार आरपीएम के साथ काम करती है। इस प्रकार इस मशीन में एक ही सेटिंग में 5 सरफेस पर कार्य हो सकता है, इस मशीन का उपयोग एयरो स्पेस, डिफेन्स, मेडिकल उपकरण, बोन पार्ट्स, बोन स्क्रू, एविएशन इंडस्ट्री के क्षेत्रों में जॉब बनाने में किया जाता है। इन मशीनों पर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स, डिप्लोमा और आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं। ग्लोबल स्किल्स पार्क का सिटी कैंपस गोविंदपुरा स्थित आईटीआई परिसर में संचालित है, यहां की अत्याधुनिक मशीनें और विद्यार्थियों के लगन भरे महौल को देखकर ऐसा लगता है जैसे कि यह देश का कोई आईआईटी है।

मध्यप्रदेश के लिए 75 फीसदी सीटें

ग्लोबल स्किल्स पार्क में प्रवेश संबंधित जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.globalskillspark.mp.gov.in और gsp.mponline.mp.gov.in पर अपलोड की जाती है। इसके साथ ही समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से भी सूचना जारी की जाती है। आगामी सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन पंजीयन 20 मई से प्रारंभ हो रहा है। प्रवेश मेरिट के आधार पर होता है। बीई और डिप्लोमा की संयुक्त मेरिट जारी की जाती है, इसके अलावा आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों का चयन आईटीआई में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाता है। यहां उपलब्ध 120 सीटों में से 5 फीसदी सीटें अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, 20 फीसदी सीटें मध्यप्रदेश के बाहर के छात्रों और बची हुई 75 फीसदी सीटें प्रदेश के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। आईटीआई (टर्नर/फिटर/मशीनिस्ट/मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस) और बीई/डिप्लोमा (मैकेनिकल/इंडस्ट्रियल/प्रोडक्शन) के उत्तीर्ण छात्र इस कोर्स को करने की पात्रता रखते हैं।

सिंगापुर का संस्थान है तकनीकी साझेदार

देश में पहली बार शुरू हुए इस सर्टिफिकेशन कोर्स 'एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिजन इंजीनियरिंग' को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सिंगापुर के वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के आईटीई एजुकेशनल सर्विसेज से संबद्ध है। युवाओं को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार एडवांस मशीनों पर एडवांस ट्रेनिंग के लिये इस कोर्स को प्रैक्टिकल-ओरिएंटेड बनाया गया है।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित

ग्लोबल स्किल्स पार्क

सिटी कैंपस

प्रवेश प्रारंभ

जुलाई 2022

एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिज़न इंजीनियरिंग

(एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स)

पंजीकरण/आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून 2022

संस्थान की प्रमुख विशेषताएँ

- देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
- अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर
- कोर्स एवं प्रशिक्षण के लिये ITE Education Services सिंगापुर के साथ संबद्धता
- 4 और 5 एक्सिस एडवांस्ड CNC मशीनें (DMG Mori, जर्मनी द्वारा)
- सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग एवं इंडस्ट्री इंटर्नशिप (OJT)
- 25 एडवांस्ड CNC मशीनें- CNC लेथ, CNC मिलिंग, CMM, EDM वायरकट मशीन
- प्रशिक्षण के लिये एक स्टुडेंट पर एक मशीन की सुविधा
- कैम्पस प्लेसमेंट की सुनिश्चितता

पात्रता

- आईटीआई (टर्नर/फिटर/मशीनिष्ट/मशीनिष्ट ग्राइंडर/मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस)
- डिप्लोमा या B.E./ B.Tech. (मैकेनिकल/इंडस्ट्रियल/प्रोडक्शन)

आवेदन कैसे करें

आवेदन हेतु : gsp.mponline.gov.in अथवा www.globalskillspark.mp.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करें

ऑनलाइन आवेदन की तिथि : 20 मई से 8 जून 2022 तक निर्धारित है।

आरक्षण मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार (महिलाओं के लिए आरक्षण 30%)

विगत 2 बैच के प्रशिक्षणार्थियों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शत प्रतिशत प्लेसमेंट।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : gsp.mponline.gov.in/ www.globalskillspark.mp.gov.in 9893346258, 9713992665

ग्लोबल स्किल्स पार्क-सिटी कैंपस (GSP-CC), भोपाल

आई.टी.आई. कैंपस, गोविन्दपुरा, रायसेन रोड, भोपाल-462023, मध्यप्रदेश

फोन नं. : 0755-2925649, ई-मेल : admission.gsp@mp.gov.in

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मध्यप्रदेश शासन

R-47054/2022

एक साल की ट्रेनिंग के बाद देश-विदेश की नामी कंपनियों में रोज़गार

मध्यप्रदेश स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैंपस के एक वर्षीय कोर्स की बात करें तो यहां से 'एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिजन इंजीनियरिंग' का एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स किया जा सकता है। इस कोर्स में प्रवेश साल में 2 बार (जुलाई एवं जनवरी में) लिया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के लिए 120 सीटें निर्धारित हैं। यानी एक वर्ष में दोनों सत्र को मिलाकर यहां 240 सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। तीन वर्ष पहले शुरू किए गए इस कोर्स को जिन प्रशिक्षणार्थियों ने पूरा किया है, उनमें से कई विद्यार्थियों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्लेसमेंट हुआ है। ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैंपस के विभागाध्यक्ष श्री आर.के. ऑस्टिन के अनुसार यहां के प्रशिक्षणार्थी कौशल प्राप्त कर रहे हैं, यहां के प्रशिक्षणार्थियों को इंडस्ट्री का रिस्पॉन्स काफी अच्छा मिल रहा है। ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैंपस के स्टूडेंट्स को बहुत अच्छे जॉब ऑफर्स मिल रहे हैं, यहां के पहले बैच में 94 प्रतिशत और दूसरे बैच में 95 प्रतिशत छात्रों को लाखों रुपये का पैकेज मिला है। यहां से प्रशिक्षित विद्यार्थियों के पास जॉब के एक नहीं इससे भी ज्यादा के ऑफर्स हैं। यहां तक कि एक नहीं कई प्रशिक्षणार्थी को प्लेसमेंट के दौरान 5 से ज्यादा कंपनियों के ऑफर मिले हैं। यहां के प्रशिक्षणार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो रहा है।

- ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैंपस में आगामी 5वें बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया 20 मई से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रारंभ की जा रही है।
- इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम को छह अलग-अलग मॉड्यूल में विभाजित किया गया है।
- इस कोर्स में प्रैक्टिकल और थ्योरी का अनुपात 70:30 है।
- कोर्स के दौरान छात्र प्रतिदिन 8 घंटे की ट्रेनिंग में मशीनों पर प्रैक्टिकल करने में 5 से 6 घंटे और थ्योरी पढ़ने में 2 से 3 घंटे का समय देते हैं।
- यहां एक छात्र एक मशीन पर प्रैक्टिस करता है।
- सॉफ्ट स्किल की भी दी जाती है ट्रेनिंग। जिसमें पर्सनालिटी को निखारने के लिए लीडरशिप और कम्युनिकेशन स्किल इत्यादि की ट्रेनिंग भी शामिल है।

जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता का आधार है प्रबंधन - राज्यपाल

भोपाल, व्यावसायिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता का आधार प्रबंधन है। देशवासियों के विकास की गतिविधियों में साधन, संसाधनों में उपयुक्त समन्वय और विकास योजनाओं के निर्माण में प्रबंधकों की सहभागिता राष्ट्र समाज की ताकत है। शिक्षा और उद्योग का क्षेत्र समाज के विकास के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसका समाज के विभिन्न अंगों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना के साथ प्रबंधन किया जाना चाहिए। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बी.एम.ए. विजनरी अवॉर्ड्स 2022 कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उत्पादन के साधनों को उत्पाद बनाने वाला जीवनदायी तत्व प्रबंधन है, जो उत्पादन प्रक्रिया का नेतृत्व करता है। व्यावसायिक उद्यम, संगठन की उपयोगी गतिविधियों का नेतृत्व कर कार्य बल को गतिशीलता देता है।

औद्योगिक निवेश के प्रस्तावों पर बनाएं रोडमैप - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में नवीन निवेश प्रस्तावों का अध्ययन और परीक्षण करने के बाद आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा कैलेण्डर तैयार कर रोडमैप बनाकर कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राज्य में नवीन निवेश प्रस्तावों पर चर्चा करते हुये कहीं।

उज्जैन में बेकरी और फूड प्रोडक्ट इकाई

मुख्यमंत्री को मेसर्स रिच प्रोडक्ट्स एंड सॉल्यूशन्स प्रायवेट लिमिटेड ने उज्जैन में बेकरी और फूड प्रोडक्ट इकाई लगाने के प्रस्ताव की जानकारी दी। 220 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से करीब 700 लागों को रोज़गार उपलब्ध कराने वाली बेकरी और फूड उत्पादन इकाई के लिए भूमि आवंटन का कार्य प्रक्रिया में है। अगस्त 2023 तक उज्जैन के औद्योगिक क्षेत्र विक्रम उद्योगपुरी में इकाई की स्थापना प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश में बेकरी से संबंधित खाद्य और पेय पदार्थों के उत्पादन की अच्छी संभावनाओं के दृष्टिगत इकाई स्थापित की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नवीन निवेश प्रस्तावों पर उद्योगपतियों से चर्चा करते हुये।

श्री चौहान को रिच प्रोडक्ट्स एंड सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के एम.डी. श्री पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक शांति, सार्वजनिक स्वच्छता, देश में भौगोलिक रूप से मध्य में स्थित होने से ऐसी इकाइयों की स्थापना के लिए अनुकूल है। उत्पादन की आपूर्ति का कार्य मध्यप्रदेश से आसानी से हो जाता है। वर्तमान में संस्थान द्वारा देश में करीब 15 हब संचालित हैं। हिमाचल और महाराष्ट्र में इकाइयां कार्य कर रही हैं। यह कम्पनी अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कम्पनी रिच प्रोडक्ट्स की सहायक कम्पनी के रूप में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री से भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड के चेयरमैन श्री अरुण कुमार सिंह ने भेंट कर चर्चा की। उन्होंने विस्तार परियोजना की जानकारी दी। इसके अंतर्गत एथलीन क्रैकर उत्पादन और पेट्रो केमिकल कॉम्पलेक्स का विकास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के सागर जिले के बीना में रिफाइनरी की स्थापना के बाद आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। संपूर्ण बुंदेलखण्ड क्षेत्र में औद्योगिक विकास का वातावरण बना है। परियोजना इस उद्देश्य से महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। बड़ी संख्या में रोज़गार सृजित करने के साथ ही अधो-संरचनात्मक विकास के कार्य होंगे। बताया गया कि सागर जिले में करीब 250 एकड़ भूमि में परियोजना के प्रारंभ होने से लगभग 2 हजार लोगों को रोज़गार प्राप्त होगा। रिफाइनरीज के पदाधिकारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक इकाइयां लगाना अन्य प्रांतों की तुलना में सुविधाजनक है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ग्रामीणों को पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें

विभागीय अधिकारी गांवों का करें नियमित भ्रमण

इंदौर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने इंदौर परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक कर पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। विभागीय अधिकारी अपने क्षेत्र के ग्रामों का नियमित भ्रमण कर स्थिति पर निगरानी रखें। राज्यमंत्री यादव ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध जल संसाधनों में आई खराबी को तत्काल दूर कर आवश्यकता अनुसार नये नलकूप और हैंडपम्प भी लगाये जाने में विलम्ब नहीं किया जाये।

श्री यादव ने जल जीवन मिशन में किए जा रहे कार्यों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन संवाद कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मिशन की समय-सीमा को ध्यान में रखकर कार्यों को और गति दिये जाने की जरूरत है, जिससे लक्ष्य के अनुरूप परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरे हों। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री मलय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

प्रदेश में
खंडवा, धार, खरगौन, बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी
तथा **अलीराजपुर** जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें
9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

फेल विद्यार्थी निराश न हों

माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. से 2022 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए

"रुक जाना नहीं, योजना"

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

फेल विद्यार्थियों के लिये 4 जून से पुन: परीक्षाएं

(FAIL - First Attempt in Learning- A.P.J. Abdul Kalam)

पृष्ठभूमि :
वर्तमान में परीक्षा परिणाम अपेक्षा अनुसार नहीं आने पर विद्यार्थी हताश हो जाते हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा ने भी इस विषय में चिन्ता व्यक्त की थी और सामान्य जनों से भी इस हेतु सुझाव आमंत्रित किये गये थे। उसी अनुक्रम में "रुक जाना नहीं" योजना वर्ष 2016 से प्रारम्भ की गई थी, इससे अब तक लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर लाभांवित हुये हैं। इसकी सफलता को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल की परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए शासन के निर्देशानुसार इसे निरंतर किया गया है।

आवेदक की पात्रताएं :
- माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल द्वारा सत्र 2021-22 में आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित रहे विद्यार्थी।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष दिसम्बर 2020 की रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है परन्तु वे कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, वे विद्यार्थी भी कक्षा 12वीं की परीक्षा रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत जून 2022 में सम्मिलित होकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

आवश्यक जानकारियाँ :
- योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी 20 मई 2022 तक आवश्यक रूप से एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं, ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा हेतु पंजीयन करवा सकते हैं।
- परीक्षाएं 4 जून 2022 से आयोजित की जावेंगी। परीक्षा पूर्व 24 से 31 मई 2022 तक निर्धारित केन्द्रों (विकास खण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों) पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। अंकसूची म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल द्वारा जारी की जावेगी।
- परीक्षा प्रश्न पत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी।
- उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक यथावत दर्शित होंगे।
- किसी कारणवश परीक्षार्थी माह जून 2022 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं तो वे शेष अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर-2022 में दे सकते हैं। इस हेतु उन्हें पुन: अपना पंजीयन एम.पी. ऑनलाइन पर करवाना होगा। इस प्रकार विद्यार्थी को दूसरा अवसर प्रदान किया जावेगा।
- जून 2022 में आयोजित प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को ही कक्षा 11 में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। द्वितीय चरण में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश नहीं मिलेगा परन्तु वे वर्ष 2024 के जून माह में रुक जाना नहीं योजना अंतर्गत कक्षा 12 की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।
- परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमानुसार ही तैयार किया जावेगा।

विश्वसनीयता :
- डिजीटाइज्ड मूल्यांकन, परीक्षा समाप्ति के एक माह में परीक्षा परिणाम, ई-माइग्रेशन एवं ई-अंकसूची और जिला स्तर पर मार्गदर्शन हेतु राज्य ओपन स्कूल के संपर्क व्यक्ति के रूप में एक नोडल पर्सन की व्यवस्था।

नोट :
- परीक्षा के प्रवेश पत्र www.mpsos.mponline.gov.in एवं मोबाइल एप mpsos से डाउनलोड कर सकेंगे।
- प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी।
- किसी भी प्रकार की समस्या समाधान हेतु एम.पी. ऑनलाइन की हेल्पलाइन 0755-6720200 पर संपर्क करें।
- परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल अनुसार ही होगा।

अंतिम तिथि : 20 मई, 2022
परीक्षा प्रशिक्षण : 24-31 मई, 2022
परीक्षा प्रारंभ
10वीं - 4 जून, 2022 से
12वीं - 7 जून, 2022 से
परीक्षा परिणाम : 28 जुलाई, 2022

"मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर बच्चा स्कूल में पढ़े और सभी को सस्ती और अच्छी शिक्षा अनिवार्य रूप से मिले।"
इंदर सिंह परमार
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

M.P. Madhyam/104720/R-47039/2022

दीपिका पादुकोण

75वें कान्स फेस्टिवल की जूरी बनीं

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री दीपिका पादुकोण



75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल की जूरी बन गई हैं। इस लिस्ट में शामिल होने वाली दीपिका एकमात्र भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस फेस्टिवल में दीपिका पादुकोण को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की आठ सदस्यीय जूरी के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। जूरी की अध्यक्षता फ्रांसीसी अभिनेता विंसेंट लिंडन करेंगे।

इलियट टैनर

तेरह वर्ष की उम्र में स्नातक की डिग्री हासिल करेगा

अमेरिका का 13 वर्षीय इलियट टैनर मिनेसोटा



यूनिवर्सिटी से विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल करेगा। इलियट ने बताया कि इसके बाद उसकी योजना भौतिकी में डॉक्टरेट करने की है। इलियट ने नौ साल की उम्र में कॉलेज स्तर की पाठ्यपुस्तकें पढ़ना शुरू कर दी थीं। इलियट ने बताया कि भविष्य में वह मिनेसोटा यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर बनना चाहता है। इलियट ने दो वर्ष की उम्र में पढ़ना शुरू कर दिया था।

ब्लू डायमंड

हॉन्गकॉन्ग में 437 करोड़ रुपये में बिका

हॉन्गकॉन्ग में सोदबी की नीलामी में दुनिया का सबसे

बड़ा ब्लू डायमंड 437 करोड़ रुपये में बिका है। हॉन्गकॉन्ग में चार खरीददारों के बीच 8 मिनट की बोली के बाद 15.10 कैरेट का 'द डी बीयर्स कलिनन ब्लू' बेचा गया। यह दुर्लभ हीरा 2021 में दक्षिण अफ्रीका की कलिनन खदान में पाया गया था।

स्केयरक्रोज फेयर

इटली में अनूठा उत्सव मनाया गया

यूरोपीय देश इटली में एक ऐसा वार्षिक उत्सव मनाया

जाता है, जिसमें घर के आंगन, बगीचे, खेत एवं गलियों में पक्षियों को डराने वाले रंग-बिरंगे पुतले लगाये जाते हैं। इस उत्सव को स्केयरक्रोज फेयर के तौर पर जाना जाता है। इन दिनों इटली के क्यूनियो शहर के पास कास्टेलर गांव में स्केयरक्रोज फेयर के दौरान पक्षियों को डराने वाले रंग-बिरंगे पुतलों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

माइल्स सिल्वरमैन

बर्फ पर लगातार 12 घंटे स्केटिंग कर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के स्केटर माइल्स सिल्वरमैन ने बर्फीली ढलान

पर 12 घंटे तक लगातार स्केटिंग कर के वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस दौरान ऊंचाई के हिसाब से उन्होंने लगभग एक लाख फीट की चढ़ाई की। सिल्वरमैन ने इस दौरान ढलानों पर 56 चक्कर लगाये। इससे पहले यह रिकॉर्ड 62,335 फीट का था, जिसे हेस ने 2017 में बनाया था। सिल्वरमैन ने बताया कि लगातार अभ्यास उनकी सफलता की सीढ़ी बना। उनका अगला लक्ष्य इटली में 2026 के शीतकालीन ओलिंपिक के लिये क्वालीफाई करना है।

अमेरिका

हेल शहर की मेयर बनी एक बिल्ली

अमेरिका में मिशिगन के हेल शहर में एक बिल्ली को

मेयर बनाया गया है। दरअसल जिंक्स नाम की बिल्ली की आंखें बड़ी होने के साथ खूबसूरत हैं। जिंक्स की मालकिन मिया ने सोशल मीडिया पर उसका अकाउंट भी बनाया है, जहां टिकटॉक पर 7.35 लाख तथा इंस्टाग्राम पर 4 लाख फॉलोअर्स हैं। मिया ने एक कैंपेन चलाया, जिसके बाद बिल्ली के फैंस ने जिंक्स को एक दिन का मेयर बनाने की अपील की थी।

एनी रॉयल

ब्रिटेन की राजकुमारी हो सकती हैं पहली महिला नेवी चीफ

लंदन की 71 वर्षीय राजकुमारी एनी रॉयल नेवी में

पहली महिला नेवी चीफ बनने जा रही हैं। वे रॉयल मरीन को लीड करेंगी। वे प्रिंस हैरी का स्थान लेंगी। प्रिंस दो वर्ष से भी कम समय तक इस पद पर रहे, लेकिन मेगन से शादी करने और अमेरिका जाने के बाद उन्होंने प्रतिष्ठित रॉयल मरीन की नौकरी छोड़ दी। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक बर्किंघम पैलेस नई सैन्य नियुक्तियों का जल्द ही ऐलान करने वाला है।

सिस्टर आंद्रे

फ्रांसीसी नन विश्व की सबसे उम्रदराज व्यक्ति बनीं

दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति जापान की केन तनाका

का 119 साल की उम्र में निधन हो गया। इसके बाद अब फ्रांस की लुसिले रेनडोन (सिस्टर आंद्रे) दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई हैं। उनकी उम्र 118 साल 73 दिन है। 11 फरवरी 1904 को फ्रांस में जन्मीं सिस्टर आंद्रे अब बुजुर्ग व्यक्ति में शीर्ष पर हैं।

अलंकार मालवीय

यूएन एड्स के कंट्री डायरेक्टर बने

अलंकार मालवीय को संयुक्त राष्ट्र ने यूएन एड्स के



कंट्री डायरेक्टर एवं रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर बोत्सवाना में पदस्थ किया है। अलंकार 2005 से संयुक्त राष्ट्र में भारत, नेपाल, भूटान, वियतनाम, इथियोपिया एवं दक्षिण अफ्रीका में उच्च डिप्लोमैटिक पदों पर पदस्थ रह चुके हैं।

टीना रहीमी

ऑस्ट्रेलिया की पहली मुस्लिम महिला बॉक्सर बनीं

ऑस्ट्रेलिया की पहली मुस्लिम महिला मुक्केबाज टीना

रहीमी जुलाई में बर्मिंघम में होने वाले 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगी। टीना महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 57 किलो वर्ग में शामिल होंगी। टीना का कहना है कि वह खुश हैं कि उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। वह देश के लिये गोल्ड लाना चाहती हैं। टीना ने फिटनेस के लिये बॉक्सिंग शुरू की थी जो बाद में उनका पैशन बन गया।

लेफ्टिनेंट जनरल राजू

वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त

लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू को सेना का वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया है। राजू मिलिट्री

ऑपरेशंस डायरेक्टर जनरल हैं। सेना में पहली बार वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया है। उन्होंने 1 मई 2022 को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ का पद ग्रहण कर लिया है। उन्होंने 15 दिसंबर 1984 को जाट रेजिमेंट में कमीशन किया था। उनका 38 साल का कॅरियर रहा है।

स्पेन में

एल एल्मब्राडो फेस्टिवल मनाया गया

स्पेन के सेवील में कोरोनाकाल के दो साल गुजर

जाने के बाद 175 साल पुराना 'एल एल्मब्राडो' फेस्टिवल मनाया गया। इस दौरान रोशनी भी की गई। इस दौरान स्पेन की मशहूर लोक गायिका मारिया डेल मोंटे ने प्रस्तुति भी दी। सिटी काउंसिल की ओर से स्पेन में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

नंद मूलचंदानी

खुफिया एजेंसी सीआईए के पहले सीटीओ बने

भारतीय मूल के नंद मूलचंदानी को अमेरिका की

खुफिया एजेंसी सीआईए का पहला मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया गया गया है। उन्हें सिलिकॉन वैली के साथ-साथ रक्षा विभाग में काम करने का 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है। मूलचंदानी यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंसी टेक्नोलॉजी के नये-नये तरीकों का लाभ उठाये। मूलचंदानी ने कम्प्यूटर विज्ञान और गणित में डिग्री हासिल करने के बाद स्टेनफोर्ड से प्रबंधन में मास्टर साइंस की डिग्री के साथ हार्वर्ड से लोक-प्रशासन में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है।

रिकी संधू

एयर टैक्सियों और डिलीवरी ड्रोन के लिये विकसित किया हवाई अड्डा

भारतीय मूल के उद्यमी रिकी संधू ने ब्रिटेन में एयर

टैक्सियों और डिलीवरी ड्रोन के लिये पहली बार हवाई अड्डा विकसित कर अपने सपने को साकार किया। इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान और ड्रोन तकनीक के लिये दुनिया का पहला पूर्ण-संचालित हवाई अड्डा एयर-वन कोवेंट्री लोगों को देखने और परीक्षण उड़ान के लिये खोल दिया गया है।

विनय मोहन क्वात्रा

भारत के विदेश सचिव बने

वरिष्ठ राजनयिक विनय मोहन क्वात्रा भारत के नये



विदेश सचिव बन गये हैं। उन्होंने हर्षवर्धन श्रृंगला का स्थान लिया है। जो हाल ही में सेवानिवृत्त हो गये हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने क्वात्रा के पदभार ग्रहण करने की जानकारी ट्वीट कर दी है। क्वात्रा 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं।

रानी लेटिजिया

स्पेन की महारानी ने यूक्रेन को गिफ्ट किये ग्रेनेड

स्पेन की रानी लेटिजिया ने ग्रेनेड और लॉन्चर जैसे

हथियारों के साथ अपने हाथों से लिखा एक पोस्टकार्ड यूक्रेनी सैनिकों को भेजा है। इसके साथ रानी ने यूक्रेनी सैनिकों के लिये स्पेन का ट्रेडिशनल सॉसेज भी ग्रेनेड के बक्से में रख कर भिजवाया। पोस्टकार्ड में रानी ने अपने हाथों से शुभकामना संदेश लिखा है।

आंग सान सू की

भ्रष्टाचार मामले में पांच साल की सजा

म्यांमार की पूर्व नेता आंग सान सू की को कोर्ट ने

भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया। उन्हें 5 साल की सजा सुनाई है। 76 साल की सू की ने आरोपों से इनकार किया था। उन्हें पिछली फरवरी में सेना ने सत्ता से हटाकर शासन हाथ में ले लिया था।

रैपिड ट्रेन

देश की पहली रैपिड ट्रेन तैयार

भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर का पहला

ट्रेनसेट बनकर तैयार हो गया है। इसे 7 मई 2022 को भारत सरकार के आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव की उपस्थिति में आयोजित होने वाले एक समारोह में एनसीआरटीसी को सौंप दिया गया। पूर्णतः मेक इन इंडिया पहल के तहत ये अत्याधुनिक आरआरटीएस ट्रेन 100 प्रतिशत भारत में निर्मित है। यही ट्रेन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर चलायी जायेगी।

स्मृति शेष

ग्रैमी विजेता गायिका नाओमी का निधन

ग्रैमी पुरस्कार विजेता जोड़ी जुड्स की गायिका

नाओमी जुड का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1991 में नाओमी जुड को हेपेटाइटिस बीमारी का पता चला था, इसके बाद से उन्होंने संगीत छोड़ दिया था। उन्होंने व्हाई नॉट मी और गिव ए लिटिल लव जैसी हिट फिल्मों पर एक साथ कुल 5 ग्रैमी पुरस्कार जीते थे।

अभिनेता सलीम गौस का निधन

हिंदी फिल्मों में अपने खलनायक किरदारों के लिये



प्रसिद्ध अभिनेता सलीम गौस का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने थिएटर और टेलीविजन कार्यक्रमों में भी काम किया था। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और अंग्रेजी फिल्मों में भी अभिनय किया था।

प्रसिद्ध लेखक महेंद्र राजा जैन का निधन

नामचीन लेखक और पुस्तकालय विज्ञान के



विद्वान महेंद्र राजा जैन का निधन हो गया है। 10 मार्च 1932 को इटारसी मध्यप्रदेश में जन्में महेंद्र राजा जैन बंद रोड एलनगंज में रहते थे। महेंद्र राजा जैन 1989 में इंडियन एक्सप्रेस दिल्ली के पुस्तकालयाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुये थे।

पं. शिवकुमार का निधन

मशहूर संतूर वादक पं. शिवकुमार शर्मा का मुंबई



में कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया है। वे 84 वर्ष के थे किडनी से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। वे पिछले छह महीने से डायलिसिस पर थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है। पांच साल की उम्र से ही उनकी संगीत शिक्षा शुरू हो गई थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, नर्मदापुरम

Office Email ID : eereshbd@gmail.com & eereshoshangabad@mp.gov.in

क्र./1073/निविदा/ग्रायांसे/2022 **नर्मदापुरम, दिनांक : 29.04.2022**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02/2022-23

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की गई हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	संभाग का नाम	कार्य का नाम	निविदा की अनु. लागत (रु. में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्रों का मूल्य	कार्य अवधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2022_RES_200471	नर्मदापुरम	बालक छात्रावास भवन पिपरिया में मरम्मत/रेनोवेशन कार्य विकासखंड पिपरिया	257958/-	5160/-	2000/-	3 माह
2.	2022_RES_200472	नर्मदापुरम	ग्राम हीरापुर में जमनी सरोवर तालाव का जीर्णोद्धार एवं घाट निर्माण विकासखंड सोहागपुर	1176487/-	23530/-	2000/-	6 माह
3.	2022_RES_200473	नर्मदापुरम	जिला पंचायत नर्मदापुरम कार्यालय हेतु पार्किंग व्यवस्था हेतु शेड, गार्डन निर्माण, पेपर ब्लॉक एवं वाउंड्रीवाल निर्माण कार्य	1553664/-	31100/-	2000/-	6 माह
4.	2022_RES_200474	नर्मदापुरम	सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास आनंद नगर नर्मदापुरम में टॉयलेट एवं अन्य सुदृणीकरण कार्य	278149/-	5600/-	2000/-	3 माह
5.	2022_RES_200476	नर्मदापुरम	सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आनंद नगर नर्मदापुरम में टॉयलेट एवं बाथरूम सुदृणीकरण कार्य	433756/-	8700/-	2000/-	4 माह
6.	2022_RES_200478	नर्मदापुरम	सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास सोहागपुर में रूफ एवं फ्लोर मरम्मत कार्य विकासखंड सोहागपुर	422815/-	8500/-	2000/-	4 माह
7.	2022_RES_200479	नर्मदापुरम	सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सोहागपुर में भवन रेनोवेशन एवं अन्य सुदृणीकरण कार्य विकासखंड सोहागपुर	293686/-	5900/-	2000/-	3 माह
			कुल योग	**4416515/-**	**चवालीस लाख सोलह हजार पांच सौ पंद्रह मात्र**		

निविदा में निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि	10.05.2022	17:30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभ की तिथि	12.05.2022	10:30
3.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	17.05.2022	15:00
4.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि**	**23.05.2022**	**17:30**
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	25.05.2022	10:30

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को धुएं से होने वाले स्वास्थ्य विकारों से आजादी दिलाना है। सदियों से भारत के गांवों में खाना बनाने के लिए परंपरागत रूप से लकड़ी और गोबर के उपले का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इससे निकलने वाले धुएं का दुष्प्रभाव खाना बनाने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से ऐसी महिलाओं को काफी राहत मिली है। गांव में ज्यादातर महिलाओं का समय दो वक्त के ईंधन का इंतजाम करने में ही गुजरता था। इतना ही नहीं गांव से दूर जंगलों से लकड़ी लाना जोखिम भरा काम भी होता है। लेकिन, पीएम उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को न केवल धुएं के खराब असर से मुक्ति दिलाई है, बल्कि इन तमाम जोखिमों से भी दूर किया है।

'स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन' के साथ हुई थी शुरुआत

'स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन' के नारे के साथ केंद्र सरकार ने 1 मई 2016 को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY) के पहले चरण का शुभारंभ उत्तरप्रदेश के बलिया से किया था। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने वाले (बीपीएल) परिवारों की 5 करोड़ महिला सदस्यों को रियायती एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया। इसकी सफलता को देखते हुए अप्रैल 2018 में योजना का विस्तार करते हुए इसमें सात और श्रेणियों (एससी/एसटी, पीएमएवाई, एएवाई, अति पिछड़ा वर्ग, चाय बागान, वनवासी, द्वीप समूह) की महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया। साथ ही 5 करोड़ के लक्ष्य को संशोधित कर 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन कर दिया गया। यह लक्ष्य पूर्व निर्धारित तिथि से सात महीने पहले ही अगस्त 2019 में हासिल कर लिया गया था। योजना के पहले चरण में 8 करोड़ गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों की बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। इस मुफ्त गैस कनेक्शन का कितना लाभ हुआ है, ये हमने कोरोना काल में देखा है। गौरतलब है कि अचानक से आयी कोरोना महामारी से 2020 में हुए पहले लॉकडाउन में उज्ज्वला योजना देश के कई परिवार के लिए मदद बन कर उभरी थी। लॉकडाउन में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी शामिल किया और योजना के तहत आने वाले लोगों को तीन महीने तक मुफ्त रसोई गैस दी गई। सरकार द्वारा प्रति लाभार्थियों के खाते में घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 753 रुपये भेजे गए, जिसकी मदद से करोड़ों लाभार्थियों ने गैस सिलेंडर लिए। उज्ज्वला योजना से एलपीजी गैस के बुनियादी ढांचे का कई गुना विस्तार सुनिश्चित हुआ है।

प्रधानमंत्री ने महोबा से तो गृहमंत्री ने जबलपुर से किया दूसरे चरण का शुभारंभ

इसके बाद 10 अगस्त 2021 को पीएम मोदी ने उत्तरप्रदेश के महोबा में एलपीजी कनेक्शन सौंपकर उज्ज्वला 2.0 (पीएमयूवाई) का शुभारंभ किया। देश भर में उज्ज्वला के दूसरे चरण सहित पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत करीब 9 करोड़ से भी अधिक घरेलू गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय बजट में पीएमयूवाई योजना के तहत एक करोड़ अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन के प्रावधान की घोषणा की गई थी। इन एक करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन (उज्ज्वला 2.0 के तहत) का उद्देश्य कम आय वाले उन परिवारों को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना है, जिन्हें पीएमयूवाई के पहले चरण के तहत शामिल नहीं किया जा सका था।

उज्ज्वला 2.0 के तहत लाभार्थियों को जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन के साथ-साथ पहला रिफिल और हॉटप्लेट निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। साथ ही इसमें नामांकन की प्रक्रिया के लिए न्यूनतम कागजी कार्रवाई की जरूरत हो रही है। उज्ज्वला 2.0 में प्रवासियों को राशन कार्ड या निवास प्रमाण-पत्र जमा करने की जरूरत नहीं है। 'पारिवारिक घोषणा' और 'निवास प्रमाण', दोनों में से स्वयं द्वारा एक घोषणा पर्याप्त है। उज्ज्वला 2.0 एलपीजी तक सभी की पहुंच के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद कर रही है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने जबलपुर में 18 सितम्बर, 2021 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला-2.0 योजना के मध्यप्रदेश चरण का शुभारंभ किया था। योजना के तहत 18 सितम्बर 2021 को पांच लाख महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, चूल्हा, रेग्युलेटर दिए गए थे। तब गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कहा था कि मध्यप्रदेश में 74 लाख लोगों को गैस सिलेंडर (पहले चरण में) मिला था, 17 लाख और लोगों को गैस सिलेंडर मिलेगा, जिनमें से पांच लाख माताओं-बहनों को आज गैस सिलेंडर मिल रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाने वाला अभियान है। उज्ज्वला योजना में मध्यप्रदेश को मिले 17 लाख लक्ष्य में शेष बचे 12 लाख कनेक्शन जल्द प्रदान किये जायेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के द्वितीय चरण में योजना का दायरा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

उज्ज्वला दिवस की परिकल्पना

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) प्रत्येक बीपीएल परिवार को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान करके सामाजिक समावेश की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना का शुभारंभ 1 मई को किया गया था। इसलिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 मई, 2022 को उज्ज्वला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। तेल विपणन कंपनियों द्वारा उज्ज्वला दिवस के अवसर पर 5000 से अधिक एलपीजी पंचायतों का आयोजन किया गया, जहां अनुभव साझा करने के अलावा, एलपीजी के सुरक्षित और निरंतर उपयोग के उद्देश्य से, ग्राहक नामांकन को अधिकतम करने के सभी प्रयास किए गए। उज्ज्वला 2.0 के तहत एलपीजी पंचायतों के अलावा नए कनेक्शनों का वितरण; नई पीएमयूवाई श्रेणियों का विवरण और वर्तमान उज्ज्वला 2.0 योजना के लिए केवाईसी फॉर्म का संग्रह, मुफ्त हॉट प्लेट सेवा शिविरों का आयोजन, सुरक्षा क्लीनिकों का संगठन, उज्ज्वला लाभार्थियों की सुविधा जैसी गतिविधियों का भी आयोजन एक मई को किया गया।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

इंश्योरेंस सेक्टर में लगातार बढ़ रहे हैं कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन इस समय देश और दुनिया में जिस तेजी से बीमा क्षेत्र (इंश्योरेंस सेक्टर) बढ़ता जा रहा है, उतनी ही तेजी से इस सेक्टर में कॅरियर के मौके बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

कोविड-19 से तेजी से बढ़ा इंश्योरेंस का बाजार

देश में कोरोना वायरस महामारी की वजह से वर्ष 2020 के बाद इंश्योरेंस का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। देश की सभी जीवन बीमा कंपनियों के द्वारा एक जनवरी, 2021 से जो मानक 'सरल जीवन बीमा' बीमा पॉलिसी प्रारंभ की गई है। देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग, परिवार सुरक्षा की योजना, उद्योग-कारोबार में बढ़ती जोखिमों तथा आयुष्मान भारत के तहत नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम के लागू होने तथा इंश्योरेंस के गांवों की ओर तेजी से बढ़ने जैसे कारणों से देश में इंश्योरेंस बिजनेस बढ़ता जा रहा है। सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के आम बजट से बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 49 से बढ़ाकर 74 फीसदी की है। फिर मई 2022 में जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आईपीओ को उम्मीद से बहुत अधिक मिला समर्थन भारत में जीवन बीमा के तेज विस्तार का प्रतीक है।

प्रायवेट सेक्टर की बीमा कंपनियों ने बढ़ाए कॅरियर के अवसर

बीते करीब दो वर्ष इंश्योरेंस सेक्टर के लिए चुनौती भरे नई संभावनाओं के वर्ष साबित हुए हैं। एक तरफ लाखों लोगों ने बीमा की नई जरूरत को महसूस किया तो दूसरी ओर, बीमा कंपनियों को भी काम के तौर-तरीकों को बदलना पड़ा। बीमा क्षेत्र ने तेजी से अपने सिस्टम का डिजिटलीकरण किया है। न केवल सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनियों में वरन् प्रायवेट सेक्टर की कंपनियों ने बीमा क्षेत्र को चमकदार बना दिया है और निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों में भी बड़ी संख्या में कॅरियर के मौके बढ़े हैं।

शहरों में ही नहीं गांवों में भी कॅरियर के मौके

एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार भारत में इंश्योरेंस इंडस्ट्री का आकार वर्ष 2020

में बढ़कर करीब 280 अरब डॉलर मूल्य के करीब रहा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 तक इंश्योरेंस सेक्टर में 12 से 15 फीसदी इजाफा संभावित है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने पिछले साल 2021-22 में 21,718,695 पॉलिसियां बेचीं। इससे पूर्ववर्ती वित्त वर्ष में 20,975,439 पॉलिसियां बेची गई थीं। पिछले साल एलआईसी ने प्रति मिनट 41 पॉलिसी बेची थीं। भारतीय जीवन बीमा निगम विश्व की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है। एलआईसी में एजेंट बनने से लेकर सहायक प्रशासनिक अधिकारी जैसे विभिन्न पदों पर रहते हुए मानवता की सेवा के साथ-साथ अच्छी कमाई का प्रतिष्ठापूर्ण कॅरियर बनाया जा सकता है। अतएव देश में बीमा क्षेत्र के तहत शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कॅरियर के मौकों के विस्तार की भारी संभावनाएं हैं।

इंश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर की स्किल्स

कॅरियर के लिहाज से अपार संभावनाओं वाले इंश्योरेंस सेक्टर में जनसंपर्क क्षमताएं सबसे पहली जरूरत होती है, चूंकि इंश्योरेंस सेक्टर में मुख्य तौर पर ग्राहकों से आमने सामने की बातचीत होती है इसलिए डिग्री की योग्यता के अलावा इंश्योरेंस संबंधी गहन जानकारियां लोगों को प्रभावित करने की क्षमता, वाकपटुता, धैर्य, निर्णय लेने की क्षमता, हिन्दी के साथ अच्छी अंग्रेजी जैसी स्किल्स अहम भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा लोगों की प्रॉब्लम्स को समझकर उनके निराकरण के मद्देनजर उपयुक्त इंश्योरेंस पॉलिसी संबंधी मार्गदर्शन से इंश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर की असीम ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं।

इंश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर संबंधी विशेष डिग्रियां

इंश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर बनाने हेतु पहले प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों का अभाव था, लेकिन आज अनेक संस्थान इसका बाकायदा प्रशिक्षण देने लगे हैं। इंश्योरेंस के क्षेत्र में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन के विभिन्न पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इनमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंश्योरेंस, पीजी डिप्लोमा इन इंश्योरेंस मैनेजमेंट एंड मार्केटिंग, एम.बी.ए. इन इंश्योरेंस जैसे पाठ्यक्रमों की अहमियत बढ़ गई है। जो भी युवा इस फील्ड में आना चाहते हैं, उनके लिए यह जरूरी है कि वे ग्रेजुएशन के अलावा इंश्योरेंस के जिस भी एरिया में काम चाहते हैं, उससे संबंधित स्किल हासिल करने के मद्देनजर उपयुक्त सर्टिफिकेशन पर भी ध्यान दें। इससे आपके अच्छी नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और मार्केट के लिए उपयोगी बने रहेंगे।

इंश्योरेंस सेक्टर में रोज़गार स्वरोज़गार के प्रचुर मौके

निःसंदेह इंश्योरेंस सेक्टर में नौकरियों के साथ-साथ स्वरोज़गार के मद्देनजर कॅरियर के कई तरह के बेहतर अवसर मौजूद हैं।

इंश्योरेंस सेक्टर के तहत कई तरह के विभिन्न कार्यों में कॅरियर के मौके होते हैं। डेवलपमेंट ऑफिसर का काम कंपनी के लिए नई योजनाएं तैयार करना है। पुरानी पॉलिसी को भी आकर्षक बनाने का काम ये करते हैं। कोई भी व्यक्ति बड़ी सरलता से इंश्योरेंस एजेंट बनकर ग्राहकों को सेवाएं एवं सहायता प्रदान करते हुए अच्छी कमाई कर सकता है। बीमा ब्रांडों के प्रचार के लिए योजनाओं पर भी काम करते हैं। एक इंश्योरेंस एजेंट को बाजार की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। एक्चुअरी प्रोफेशनल बीमारी, निधन, दुर्घटना, विकलांगता आदि की स्थिति में जोखिम का आकलन करते हैं। बीमित व्यक्ति को कितनी धनराशि देनी है, यह भी तय करते हैं। अंडरराइटर के द्वारा बीमा कंपनी को जोखिम का मूल्यांकन और बीमा दरें तय करने में मदद की जाती है। इस पर कंपनी फायदा-नुकसान का गणित लगाती है। हर बीमा कंपनी में इनकी नियुक्ति की जाती है। सभी बीमा कंपनियां अपने जोखिम को कम करने के लिए रिस्क मैनेजरों को नियुक्त करती हैं। क्रेडिट कार्ड एजेंट प्रोडक्ट एवं सेवाओं को ग्राहकों तक पहुंचाने और उन्हें कंपनी की योजनाओं से अवगत कराते हैं। क्रेडिट रिसर्च एनालिस्ट के द्वारा बीमा कंपनी के रिकॉर्ड का अध्ययन किया जाता है और क्लाइंट को बाजार के ट्रेंड से अवगत कराया जाता है। सर्वेयर के द्वारा आगजनी, विस्फोट, भूकम्प, बाढ़ और दंगों आदि की स्थिति में सर्वे का कार्य किया जाता है। इनका पहला काम लोकेशन पर जाकर क्षति का आकलन करना होता है।

इंश्योरेंस संबंधी कोर्स के लिए अच्छे संस्थान का चयन

इंश्योरेंस सेक्टर से संबंधित पाठ्यक्रम कराने वाले कई संस्थान देश के प्रमुख महानगरों में स्थित हैं। इश्योरेंस सेक्टर में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति अपनी उपयुक्तता के अनुरूप उपयुक्त इंश्योरेंस कोर्स के लिए किसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थान का चयन करके इंश्योरेंस सेक्टर में अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल

1. वर्ष 2021 में किस महिला खिलाड़ी ने स्टटगार्ट ओपन का खिताब जीता था।
(अ) एश्ले बार्टी
(ब) बियांका आंद्रेस्क्यू
(स) पेत्रा क्वितोवा
(द) आर्यना सबालेंका

2. वर्ष 2020 में किस देश ने उबेर कप का खिताब जीता था।
(अ) इंडोनेशिया
(ब) जापान
(स) दक्षिण कोरिया
(द) चीन

3. ऑस्ट्रेलिया ने कितनी बार आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप टूर्नामेंट जीता है।
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) पांच बार

4. मार्सेल जैकब्स ने टोक्यो ओलिंपिक में एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।
(अ) 100 मीटर दौड़
(ब) 400 मीटर दौड़
(स) 800 मीटर दौड़
(द) 1500 मीटर दौड़

5. हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रॉस टेलर किस देश के खिलाड़ी हैं।
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) न्यूजीलैंड
(स) वेस्टइंडीज (द) इंग्लैंड

6. आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप-2011 में किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।
(अ) युवराज सिंह
(ब) कुमार संगाकारा
(स) एंड्रयू स्ट्रॉस
(द) ग्लैन मैक्ग्राथ

7. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कितनी बार बेलोन डि ओर अवॉर्ड जीता है।
(अ) चार बार
(ब) पांच बार
(स) सात बार
(द) इनमें से कोई नहीं

8. इस वर्ष आईसीसी वूमेन क्रिकेट विश्वकप किस देश में खेला गया था।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) इंग्लैंड
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) न्यूजीलैंड

9. वर्ष 2018 में बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में महिला एकल वर्ग में विजेता बनी थीं।
(अ) पीवी सिंधु
(ब) अकाने यामागुची
(स) कैरोलिना मारिन
(द) ताई जू यिंग

10. डायना एशर स्मिथ किस खेल में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करती हैं।
(अ) फुटबॉल
(ब) मुक्केबाजी
(स) टेनिस
(द) एथेलेटिक्स

11. इस वर्ष ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता है।
(अ) विक्टर एक्सेलसन
(ब) केंटो मोमोटा
(स) लक्ष्य सेन
(द) लीव डेरेन

12. किस क्रिकेटर के नाम टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है।
(अ) मार्टिन गुप्टिल
(ब) रोहित शर्मा
(स) विराट कोहली
(द) शोएब मलिक

13. एशियन गेम्स-2018 में फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था।
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) कतर
(स) जापान
(द) चीन

14. इस वर्ष बहरीन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस के विजेता बने है।
(अ) मैक्स वर्स्टापन
(ब) चार्ल्स लेकलर्क
(स) कार्लोस सेंज
(द) एस्टाबेन ओकेन

15. दीपक लाठेर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) कुश्ती (ब) हॉकी
(स) भारोत्तोलन (द) निशानेबाजी

16. इस वर्ष वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जाएगी।
(अ) डेनमार्क (ब) भारत
(स) इंडोनेशिया (द) स्पेन

17. वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने महिला वर्ग में इटैलियन ओपन जीता था।
(अ) सेरेना विलियम्स
(ब) इलिना स्वितोलिना
(स) इगा स्वितेक
(द) सिमोना हालेप

18. वर्ष 2020 में किस खिलाड़ी को फीफा वूमेन प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।
(अ) मेगन रेपिनोए
(ब) लुसी ब्रॉन्ज
(स) वेंडी रेनार्ड
(द) इनमें से कोई नहीं

19. ओलिंपिक खेलों में हॉकी को किस वर्ष शामिल किया गया था।
(अ) वर्ष 1908 (ब) वर्ष 1912
(स) वर्ष 1920 (द) वर्ष 1928

20. महेंद्र सिंह धोनी ने कितने टेस्ट मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की है।
(अ) 48 (ब) 56
(स) 60 (द) 68

21. एलेक्सिया पुटेलस किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं।
(अ) स्पेन (ब) बेल्जियम
(स) फ्रांस (द) जर्मनी

22. इनमें से किस देश ने 36 वर्ष बाद फीफा वर्ल्डकप में जगह बनाई है।
(अ) मैक्सिको
(ब) चेक गणराज्य
(स) पोलैंड
(द) कनाडा

23. इनमें से किस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक नहीं बनाया है।
(अ) माइकल क्लार्क
(ब) अजहर अली
(स) जो रूट (द) करूण नायर

24. ओलिंपिक चैम्पियन तैराक इवगेनी रायलोव किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) कनाडा (ब) रूस
(स) पोलैंड (द) बुल्गारिया

25. राफेल नडाल ने कितनी बार इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट जीता है।
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) पांच बार (द) सात बार

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (अ), 5. (ब), 6. (अ), 7. (ब), 8. (द), 9. (स), 10. (द), 11 (अ), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (स), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (स), 21. (अ), 22. (द), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

भारत में तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम इस वर्ष सितम्बर में भारत का दौरा करेगी। इस दौरे पर दोनों देशों के बीच तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जायेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की टीम इस वर्ष जिम्बाब्वे, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ तीन-तीन मैचों की ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। ये सीरीज इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारी के लिये होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आखिरी बार वर्ष 2019 में भारत का दौरा किया था, तब ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 2-0 से तथा पांच मैचों की वन-डे सीरीज 3-2 से जीती थी। ऑस्ट्रेलिया को वर्ष 2023 में फरवरी-मार्च में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिये भी भारत का दौरा करना है।

वर्स्टापेन ने जीती मियामी ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस

मियामी, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने मियामी ग्रांप्री का खिताब अपने नाम किया है। रेडबुल के वर्स्टापेन मियामी ग्रांप्री में क्वालिफाइंग राउंड में पोल पोजिशन हासिल करने से चूक गये। वर्स्टापेन ने रेस पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और मियामी ग्रांप्री का खिताब जीता। वर्स्टापेन ने 57 लैप की इस रेस को 1 घंटा 34 मिनट 24.258 सेकंड में पूरा किया। रेस में फेरारी टीम के चार्ल्स लेकलर्क दूसरे स्थान पर रहे। रेस में कार्लोस सेंज ने तीसरा, सर्जियो पेरेज ने चौथा तथा जॉर्ज रसेल ने पांचवां स्थान हासिल किया। वर्स्टापेन की यह इस सत्र में तीसरी जीत है।

भारत ने जूनियर एशिया कप चरण दो में जीते 14 पदक

सुलेमानिया, भारत के युवा तीरंदाजों ने एशिया कप चरण दो में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित कुल 14 पदक अपने नाम किये हैं। तीरंदाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। टूर्नामेंट में भारत की महिला कंपाउंड टीम, पुरुष कंपाउंड टीम, मिश्रित कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में प्रथमेश फुगे, महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में साक्षी चौधरी, पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में मृणाल चौहान ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाये। भारत को पुरुष रिकर्व टीम और महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक मिला।

दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स टीम बनी चेल्सी

लंदन, दिग्गज फुटबॉल क्लब चेल्सी दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स टीम बन गई है। अमेरिकी बेसबॉल टीम लॉस एंजेलिस डोजर्स के सह मालिक टॉड बोहली ने चेल्सी फुटबॉल क्लब को खरीदा है। बोहली ने रूस के रोमन इब्रामोविच से 5.2 मिलियन डॉलर (लगभग 40 हजार 300 करोड़ रुपये) में चेल्सी को खरीदा है। इस डील के साथ चेल्सी दुनिया का सबसे महंगा स्पोर्ट्स क्लब बन गया है। इस डील को पूरा करने के लिये प्रीमियर लीग और ब्रिटिश सरकार की मंजूरी लेना जरूरी है। माना जा रहा है कि इस महीने के आखिर तक यह मंजूरी मिल जायेगी।

मैड्रिड ओपन

ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्कराज बने चैंपियन

- **कार्लोस अल्कराज दो एटीपी मास्टर्स-1000 टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं।**
- **अल्कराज ने 19 वर्ष की आयु में मियामी ओपन मास्टर्स और मैड्रिड ओपन मास्टर्स खिताब जीते हैं। उन्होंने इस वर्ष रियो ओपन और बार्सिलोना ओपन भी जीते हैं।**
- **अल्कराज से पहले राफेल नडाल ने वर्ष 2005 में 18 वर्ष की आयु में मोंटे कार्लोस मास्टर्स और रोम मास्टर्स खिताब जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।**

मैड्रिड, स्पेन के युवा टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया है। अल्कराज ने टूर्नामेंट के फाइनल में गत चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया।

इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करने वाले अल्कराज ने फाइनल मुकाबले में ज्वेरेव की चुनौती को आसानी से ध्वस्त कर दिया। ज्वेरेव पिछले कुछ वर्षों से टेनिस में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं, ऐसे में फाइनल मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद थी, लेकिन अल्कराज के सामने ज्वेरेव टिक नहीं पाये। अल्कराज ने पहले सेट में 6-3 से आसान जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी अल्कराज के सामने ज्वेरेव कोई प्रभाव नहीं दिखा पाये और 6-1 से सेट गवां बैठे।

मैड्रिड ओपन में कार्लोस अल्कराज का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। एलेक्जेंडर ज्वेरेव से पहले अल्कराज ने सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच तथा क्वार्टर फाइनल में राफेल नडाल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को पराजित किया। अल्कराज ने नोवाक जोकोविच को 6-7, 7-5, 7-6 से हराया था, जबकि राफेल नडाल को 2-6, 6-1, 6-3 से हराया था।

खिताब जीतने के बाद कार्लोस अल्कराज ने कहा कि मैं पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में पहली बार शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने और अनुभव लेने उतरा था और मैंने काफी सीखा भी है। अब मैं इस कोर्ट पर इस आत्मविश्वास के साथ उतरा कि मैं खिताब भी जीत सकता हूं।

महिला वर्ग की चैंपियन बनीं ओनस

मैड्रिड ओपन में महिला वर्ग में ट्यूनीशिया ओनस जबेउर विजेता बनीं। जबेउर ने महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को बेहद रोमांचक मुकाबले में 7-5, 0-6, 6-2 से हराया। फाइनल मैच में जबेउर ने पहला सेट संघर्षपूर्ण तरीके से 7-5 से जीता। दूसरे सेट में पेगुला ने बेहतरीन पलटवार किया और जबेउर को बिना कोई अंक गवाएं 6-0 से हरा दिया। तीसरे सेट में भी दोनों ने जबरदस्त खेल दिखाया, लेकिन जबेउर ने 6-2 से सेट जीतकर मैच अपने नाम किया।

गुकेश ने जीता फॉरमेंटेरा ओपन

मेड्रिड, भारत के ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने स्पेन में आयोजित चेसेबल सनवे फॉरमेंटेरा ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। यह गुकेश की लगातार तीसरी खिताबी जीत है। इससे पहले गुकेश ने ला रोडा और मेनोर्का ओपन जीता था। फॉरमेंटेरा ओपन में गुकेश ने अंतिम दौर में आर्मेनिया के जीएम हाइक एम मार्टिरोसियन के साथ ड्रा खेला और कुल आठ अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ 15 वर्षीय गुकेश विश्व शतरंज रैंकिंग में 64वें स्थान पर पहुंच गये हैं। गुकेश काफी समय से शतरंज में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गुकेश ने वर्ष 2018 में अंडर-12 वर्ग में वर्ल्ड यूथ चेस चैंपियनशिप जीती थी।

मैनचेस्टर सिटी से जुड़े अर्लिंग हॉलैंड

लंदन, नॉर्वे के दिग्गज फुटबॉलर अर्लिंग हॉलैंड इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी से जुड़ेंगे। मैनचेस्टर सिटी और हॉलैंड के बीच डील को लेकर सहमति बन गई है। जर्मन क्लब बोरूसिया डॉर्टमंड ने अर्लिंग हॉलैंड को रिलीज क्लॉज के तहत मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने की अनुमति दी है। हॉलैंड और मैनचेस्टर सिटी के बीच 51.2 मिलियन पाउंड की डील हुई है। हॉलैंड जुलाई 2022 से मैनचेस्टर सिटी की ओर से खेलना शुरू कर देंगे। मैनचेस्टर सिटी ने एक बयान जारी कर कहा कि हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि हम अर्लिंग हॉलैंड के ट्रांसफर के लिये सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गये हैं। उल्लेखनीय है कि अर्लिंग हॉलैंड को खरीदने की रेस में रियल मैड्रिड और बायर्न म्युनिख जैसे क्लब भी शामिल थे।

ओलिंपियन कमलप्रीत कौर डोपिंग के चलते निलंबित

नई दिल्ली, भारत की अनुभवी चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर को एथेलेटिक्स की वैश्विक संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथेलेटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ) की एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। एआईयू ने बताया कि कमलप्रीत कौर डोप टेस्ट में विफल रही हैं। डोप टेस्ट के दौरान कमलप्रीत के शरीर के अंदर प्रतिबंधित दवा (स्टैनोजोलोल) पाई गई थी। इस तरह के स्टेरोयड का सेवन एथेलेटिक्स में प्रतिबंधित है। इसके बाद कमलप्रीत कौर पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। एआईयू ने कहा कि कमलप्रीत का दोबारा डोप टेस्ट किया जायेगा, अगर इसमें भी वह पॉजिटिव आती हैं, तो उन पर चार वर्ष तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कमलप्रीत का डोप टेस्ट कब और किस प्रतियोगिता के दौरान हुआ था। कमलप्रीत ने पिछले महीने घुटने की चोट के कारण फेडरेशन कप सीनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया था।

कमलप्रीत ने पिछले वर्ष टोक्यो ओलिंपिक में महिलाओं की चक्का फेंक स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुये फाइनल में जगह बनाई थी, हालांकि वे छठवें स्थान पर रही थीं। भारत को आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में कमलप्रीत से पदक की उम्मीद थी। उन्हें ओलिंपिक खिलाड़ियों के विशेष दल में भी शामिल किया गया था। कमलप्रीत के नाम चक्का फेंक खेल में 65.06 मीटर तक चक्का फेंकने का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

भारत में आयोजित हो सकता है क्रिकेट एशिया कप

मुंबई, अगस्त-सितम्बर में श्रीलंका को एशिया कप टी-20 की मेजबानी करनी है, लेकिन इसके आयोजन पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने भारत में एशिया कप आयोजित करने के लिये तैयारी शुरू कर दी है। एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पद पर बीसीसीआई सचिव जय शाह की नियुक्ति के बाद इसके आसार बढ़ गये हैं कि यह टूर्नामेंट भारत में ही हो। बोर्ड की एक टीम ने इसके आयोजन पर प्लानिंग शुरू कर दी है। भारत ट्वेंटी-20 विश्वकप चैंपियन बनना चाहता है। इसी रणनीति के तहत बोर्ड देश में एशिया कप कराना चाह रहा है, ताकि खिलाड़ी अच्छे से तैयारी कर सकें। इस पर आईपीएल फाइनल के बाद निर्णय हो सकता है।

एक ही ग्राउंड पर हो सकते हैं एशिया कप के मैच

बीसीसीआई की योजना थी कि आईपीएल के मैच स्थलों पर एशिया कप के मैच हो सकते हैं। लेकिन पाकिस्तान की टीम के आने से विवाद बढ़ सकता है। इसलिये अधिकारियों ने इन स्थलों को छोड़कर किसी एक स्थल पर मैच कराने का सुझाव दिया है।

एशियाई खेल-2022

कोरोना के कारण अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

बीजिंग, चीन में होने वाले एशियाई खेलों को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करना पड़ा है। चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोरोना महामारी के चलते यह फैसला लिया गया है। आने वाले समय में एशियाई खेलों के आयोजन के लिये नई तारीखों का ऐलान किया जायेगा। एशिया की ओलिंपिक परिषद ने एशियाई खेलों को स्थगित करने के पीछे कोई वजह नहीं बताई है, लेकिन माना जा रहा है कि चीन में कोरोना के मामले बढ़ने के कारण एशियाई खेलों को स्थगित किया गया है।

एशियाई खेलों का आयोजन चीन के हांगझोऊ शहर में होना था, जो देश के सबसे बड़े शहर शंघाई के बेहद करीब है। शंघाई में कोरोना के मामले बढ़ने के कारण कई हफ्तों से लॉकडाउन लगा हुआ है।

आयोजकों ने पिछले महीने ही जानकारी दी थी कि चीन के पूर्वी शहर हांगझोऊ, जिसकी आबादी 12 मिलियन (1.2 करोड़) है। वहां 56 खेलों के लिये मैदान तैयार कर लिये गये हैं। इन्हीं मैदानों पर एशियाई खेलों और एशियाई पैरा गेम्स होने हैं। चीन इससे पहले शीतकालीन ओलिंपिक की मेजबानी कर चुका है, जिसमें कोरोना के मामलों को रोकने के लिये कोविड से सुरक्षित बायो बबल बनाया गया था। इस बार भी एशियाई खेलों का आयोजन कोरोना से सुरक्षित बायो बबल में किया जायेगा।

संशय में थी भारत की भागीदारी

भारत के एशियाई खेलों में भाग लेने पर खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि इस पर फैसला चीन की तरफ से फीडबैक मिलने के बाद ही किया जायेगा। एक कार्यक्रम के दौरान श्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि वहां की क्या परिस्थिति है और मेजबान देश स्थिति के बारे में क्या कहता है, यह महत्वपूर्ण है। भाग लेने वाले सभी देश इस पर चर्चा कर रहे हैं और जल्दी ही भारत भी फैसला लेगा, लेकिन उससे पहले मेजबान देश का पक्ष और यह जानना जरूरी है कि उनकी तैयारी कैसी है।

चीन में महामारी की वजह से कई अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं रद्द हो चुकी हैं। वर्ष 2022 पैरालिंपिक और शीतकालीन ओलिंपिक खेलों का आयोजन भी सख्त नियमों और पाबंदियों के बीच बंद दरवाजे में किया गया था।

- **एशियाई खेल 10 से 25 सितम्बर तक चीन के हांगझोऊ शहर में आयोजित होने थे।**
- **इस खेल आयोजन में 40 खेलों की 482 स्पर्धाएं आयोजित होंगी।**

मध्यप्रदेश की गौरांशी शर्मा ने डेफ ओलिंपिक में जीता स्वर्ण

रियो, मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी की दिव्यांग खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ने ब्राजील में चल रहे डेफ ओलिंपिक के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने बधाई देते हुए कहा कि गौरांशी ने ये साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि गौरांशी की प्रतिभा को निखारने का श्रेय हमारी अकादमी की बेहतर सुविधाओं और प्रशिक्षकों को जाता है। साथ ही मैं उनके समर्पित माता-पिता को भी बधाई देती हूं। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि जब गौरांशी टी.टी. नगर स्टेडियम में समर कैम्प में शामिल होने आई थी, तब वह मात्र सात वर्ष की थीं। उनकी लगन और जुनून के चलते वे मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

रानिल विक्रमसिंघे बने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे नए प्रधानमंत्री बने हैं। उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो दूरगामी नीतियों के जरिये अर्थव्यवस्था को संभाल सकता है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग हासिल कर सकता है। हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। श्रीलंका की सबसे पुरानी पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के 73 वर्षीय नेता रानिल विक्रमसिंघे चार बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति का संयुक्त बयान

भारत और फ्रांस स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर सहमत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तीन यूरोपीय देशों का दौरा पूरा कर स्वदेश लौट आए। इस दौरान उन्होंने व्यापार, ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात भी की।

- **तीन देशों का दौरा कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री।**
- **एक संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र, मौलिक स्वतंत्रता, कानून का राज और मानवाधिकारों के सम्मान के साझा मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद के खतरे से निपटने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों का एकजुट होकर सामना करने को लेकर सहमति जताई है।



भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और उसमें भारत की स्थायी सदस्यता तथा परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भारत की सदस्यता संबंधी प्रयास का समर्थन किया है। जी20 के मसौदे के तहत सहयोग बनाए रखने पर सहमत हुए।

आतंकवाद पर सख्ती

भारत और फ्रांस ने दुनिया के अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद के प्रसार के लिए अफगानिस्तान की धरती के इस्तेमाल को लेकर 'कतई बर्दाश्त ना करने' के रुख पर जोर दिया।

संयुक्त बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए भारत और फ्रांस ने प्रमुख रणनीतिक साझेदारियों में से एक पर काम करना तय किया है। दोनों देश एक स्वतंत्र, मुक्त और कानून आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र चाहते हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून, संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान, नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित हो और बलपूर्वक शासन, तनाव तथा संघर्ष से मुक्त हो।

संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत साझेदारी में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, सम्पर्क, स्वास्थ्य और स्थिरता से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। द्विपक्षीय सहयोग के अलावा भारत और फ्रांस क्षेत्र के विभिन्न संगठनों और समान विचारधारा वाले देशों के साथ विभिन्न स्वरूपों में नई साझेदारी विकसित करना जारी रखेंगे। यह भी कहा गया है कि आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करना भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की आधारशिला है, खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में।

रूस-यूक्रेन संघर्ष

युद्ध रोकने का प्रयास कर रहा बेलारूस

बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा कि हम युद्ध रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बेलारूस शांति चाहता है और अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहा है कि युद्ध जल्द से जल्द समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा यह अभियान जरूरत से ज्यादा लंबा खिंच गया। लुकाशेंको ने यूक्रेन पर रूस को भड़काने का आरोप लगाया और यूक्रेन में रूसी अभियानों का समर्थन भी किया।

- **लुकाशेंको ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यूक्रेन पर रूस द्वारा की जा रही सैन्य कार्रवाई इतनी लंबी खिंचेगी।**

लुकाशेंको ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध चल रहा है, लोग मर रहे हैं लेकिन यूक्रेन रूस के साथ हो रही वार्ता में जानबूझकर रुचि नहीं ले रहा है। जबकि बेलारूस की कोशिशों की वजह से वार्ता फिर से शुरू हो सकी है। बेलारूस द्वारा शुरू किए गए युद्धाभ्यास को लेकर लुकाशेंको ने कहा कि ये अभ्यास किसी देश को धमकाने के लिए नहीं है और न ही हम ऐसा करेंगे। हम जानते हैं कि कौन हमारा विरोध करता है।

रूस के यूक्रेन पर परमाणु हमलों की आशंका पर चिंता जताते हुए लुकाशेंको ने कहा कि हम इस तरह के किसी भी हमले को स्वीकार नहीं करेंगे। रूस की आगे की क्या योजना है, इस बारे में भी वो कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बेलारूस, अमेरिका की तरह समुद्र के पार नहीं है।

संसदीय चुनाव

कई देशों में फैले लेबनानी नागरिक कर रहे मतदान

दुनिया के करीब 50 देशों में फैले लेबनानी नागरिकों ने कड़ी निगरानी में कराये जा रहे संसदीय चुनाव में मतदान किया। ये मतदाता दुनियाभर के 192 मतदान केन्द्रों पर मतदान करेंगे, जिनमें से कई लेबनानी राजनयिक मिशनों में रह रहे हैं।

- **10 मुस्लिम बहुल देशों में इस तरह के मतदान के कुछ दिनों बाद लेबनान में ऐसा हो रहा है।**
- **अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों और कई अफ्रीकी देशों सहित 48 देशों में रह रहे 1 लाख 94 हजार 348 लेबनानी नागरिकों ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया था।**

लेबनान में मतदान अगले सप्ताहांत में होगा। विदेश मंत्री अब्दुल्ला बुहाबीब के अनुसार मतदान के दौरान पंजीकृत 30 हजार 929 मतदाताओं में से 59.45 प्रतिशत ने मतदान किया। मतदान करने वालों में कई लेबनानी हैं जो पिछले दो वर्षों में एक ऐतिहासिक आर्थिक मंदी के दौरान देश छोड़कर चले गए थे।

संसदीय चुनाव हर चार साल में एक बार होता है और 2018 में हुए आखिरी चुनाव में ईरान समर्थित शक्तिशाली हिजबुल्लाह समूह और उसके सहयोगियों को बहुमत मिला था। ज्ञात रहे कि अक्टूबर 2019 में आर्थिक और वित्तीय संकट के कारण देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से 128 सदस्यीय विधायिका के लिए यह पहला मतदान है। बेरूत के बंदरगाह पर 4 अगस्त, 2020 को हुए भीषण विस्फोट के बाद का भी यह पहला मतदान है, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए। इस बार पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मुख्यधारा की पार्टियां हिजबुल्लाह को पछाड़कर बहुमत पाने की उम्मीद कर रही हैं।

कनाडा ने यूक्रेनी आयातों पर एक साल के लिए सभी व्यापार शुल्क हटाए

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने यूक्रेन से आयात पर एक साल के लिए सभी शुल्क हटा दिए हैं। 8 मई को कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक अहम बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ट्रूडो ने इस बड़ी आर्थिक राहत की बात कही।

- **यूक्रेन पर रूसी सैनिकों द्वारा ताबड़तोड़ हमलों के बीच कनाडा, यूक्रेन का साथ देते हुए आगे आया है। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने यूक्रेन के व्यापार शुल्क हटाने के साथ-साथ देश को अतिरिक्त 50 मिलियन अमेरिकी डालर की सैन्य सहायता की भी घोषणा की है। यही नहीं प्रधानमंत्री ट्रूडो ने रूस की सेना को अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष समर्थन प्रदान करने के लिए रूसी व्यक्तियों और संस्थाओं पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए हैं।**

कीव इंडिपेंडेंट ने ट्वीट कर कहा, "कनाडा एक वर्ष के लिए यूक्रेन से आयात पर सभी व्यापार शुल्क को हटा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा आर्थिक राहत की घोषणा कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक बैठक के दौरान की गई थी।"

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "मैं और अधिक सैन्य सहायता, ड्रोन कैमरा, सैटेलाइट इमेजरी, छोटे हथियार, गोला-बारूद और अन्य सहायता की घोषणा कर रहा हूं, जिसमें डिमाइनिंग ऑपरेशन के लिए फंडिंग भी शामिल है।" उन्होंने आगे कहा, "साथ ही हम 40 रूसी व्यक्तियों और पांच संस्थाओं, कुलीन वर्गों और रक्षा क्षेत्र में शासन के करीबी सहयोगियों पर नए प्रतिबंध ला रहे हैं, ये सभी पुतिन के युद्ध में शामिल हैं।"

दक्षिण कोरिया

नए राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया से परमाणु निरस्त्रीकरण की अपील की

दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक येओल ने कहा कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए तैयार हो जाता है, तो वह उसकी अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए एक 'मजबूत योजना' पेश करेंगे। दक्षिण कोरिया के रूढ़िवादी नेता यून सुक येओल ने हाल ही में देश के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभाला है।

यून सुक येओल ने सियोल में अपने शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों से निपटने के लिए बातचीत के दरवाजे खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'एक मजबूत योजना' पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने को तैयार है, जिससे उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय रूप से मजबूती मिलेगी और उसके नागरिकों की आजीविका में सुधार होगा।

पुलित्जर पुरस्कार - 2022

सार्वजनिक सेवा पत्रकारिता में वाशिंगटन पोस्ट ने जीता पुरस्कार

वाशिंगटन पोस्ट ने सार्वजनिक सेवा पत्रकारिता में पुलित्जर पुरस्कार जीता है, जिसने यूएस कैपिटल में 6 जनवरी 2021 के विद्रोह की कवरेज की थी। वहीं मियामी हेराल्ड को सर्फसाइड कोंडो के ढहने पर ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग के लिए पुलित्जर अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि न्यूयार्क टाइम्स ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टिंग दोनों में ही पुरस्कार जीता। बता दें कि न्यूयार्क टाइम्स ने सीरिया, इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी हवाई हमलों से नागरिकों की मौत के चुनौतीपूर्ण आधिकारिक खातों की रिपोर्टिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टिंग श्रेणी में जीत हासिल की है।

फोटोग्राफी में ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी में दिए गए दो पुरस्कारों में से एक काबुल के पतन से संबंधित कार्य के लिए लॉस एंजिल्स टाइम्स के संवाददाता और फोटोग्राफर मार्कस याम को दिया गया।

टैम्पा बे टाइम्स ने 'जहर' के लिए इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग में पुरस्कार जीता, जिसमें प्रदूषण फैलाने वाली लीड फैक्ट्री में गहराई से बात रखी गई है। वहीं द बेटर गवर्नमेंट एसोसिएशन और शिकागो ट्रिब्यून ने 'डेडली फायर्स', 'ब्रोकन प्रॉमिस' के लिए स्थानीय रिपोर्टिंग पुरस्कार जीता। द अटलांटिक के जेनिफर सीनियर को 9/11 के बाद से 20 वर्षों में एक परिवार के नुकसान की भरपाई के एक अधूरे चित्र के लिए सम्मानित किया गया, जो संवेदनशील रिपोर्टिंग के साथ लेखक के व्यक्तिगत संबंध को उत्कृष्ट रूप से ब्रेडिंग करता है जो दुःख की लंबी पहुंच को प्रकट करता है।

पुलित्जर पुरस्कार क्या है

पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र का अमेरिका का सबसे सर्वोच्च पुरस्कार है, जिसकी शुरुआत 1917 में हुई थी। जोसेफ पुलित्जर ने अपनी वसीयत में इस पुरस्कार को शुरू करने की बात कही थी। पुलित्जर को अमेरिका में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पत्रकारिता का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।

आपको बता दें कि पुलित्जर पुरस्कार को 21 कैटेगरी में दिया जाता है। जिसमें पत्रकारिता, रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी सहित कई अन्य विधाएं शामिल होती हैं। यह 15 पत्रकारिता श्रेणियों और सात कला श्रेणियों में काम को मान्यता देता है। इसके साथ ही पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले को 15,000 अमेरिकी डॉलर कैश दिए जाते हैं। पुलित्जर की पब्लिक सर्विस कैटेगरी के विजेता को गोल्ड मेडल से नवाजा जाता है।

जी-7 देश रूसी तेल आयात कम करेंगे

जी-7 देशों ने एक बार फिर अपने उस संकल्प को दोहराया, जिसमें कहा गया था कि ये देश रूसी तेल आयात पर चरणबद्ध तरीके से कटौती करेंगे और धीरे-धीरे उसे पूरी तरह बंद कर देंगे। व्हाइट हाउस की ओर से बयान जारी कर कहा गया कि जी-7 देश रूसी अर्थव्यवस्था की मुख्य कड़ी प्राकृतिक गैस और तेल के आयात में कटौती करेंगे। इससे रूस को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ेगा। बयान में कहा गया कि रूसी ऊर्जा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने के लिए जी-7 देशों ने सहमति जताई है। अमेरिका जो रूसी हाइड्रोकार्बन का प्रमुख उपभोक्ता नहीं था, पहले ही उनके आयात पर प्रतिबंध लगा चुका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।